दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 176 | सीकर, बुधवार 26 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## चुनाव से पहले बुहाना में पुलिस का फ्लैग मार्च
### डीएसपी ने कहा. शांति बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** आगामी चुनावों को देखते हुए पुलिस ने बुधवार को बुहाना कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। डीएसपी मंजू चौहान के नेतृत्व में निकले मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना रहा। पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और चुनाव के दौरान पुलिस का सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च बुहाना थाने से शुरू हुआ। पुलिसकर्मी सतनाली रोड पर आर्मी कैंटीन तक पहुंचे। इसके बाद कस्बे की ओर और तहसील तिराहे तक भी मार्च निकाला गया। मार्च में बुहाना थाने के पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस लाइन का जाब्ता भी शामिल रहा। सीआई राम मनोहर भी मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से कस्बे में सुरक्षा का संदेश गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों का जायजा भी लिया। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है।

#### डीएसपी बोलीं-पुलिस पूरी तरह सतर्क

डीएसपी मंजू चौहान ने कहा कि चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस पूरी तरह सतर्क है। किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

## चाचा नेहरू विद्यालय में पानी की मोटर भेंट

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चाचा नेहरू नोखा में एक पानी मोटर भेंट किया गया। विद्यालय शुभचिंतक रघुनाथसिंह की प्रेरणा से थावरिया के भंवरलाल तर्ड ने अपने पिता रतीराम तर्ड की स्मृति में बालिका शिक्षा के महत्व को समझते हुए विद्यालय में एक पानी की मोटर भेंट की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय व उप प्रधानाचार्या रजनेश गुप्ता ने दानदाता भामाशाह भंवरलाल तर्ड एवं प्रेरक रघुनाथ सिंह का विद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रकट करते हुए बताया कि पानी मोटर विद्यालय की महती आवश्यकता थी तथा बालिका विद्यालय में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा।

## एमजेडी महाविद्यालय में मेहंदी एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** एमजेडी महाविद्यालय तारानगर में मंगलवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब ईएनसी की ओर से विद्यार्थियों के लिए मेहंदी एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ईएलसी प्रभारी प्रो. योगिता ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में रवीना स्वामी ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय तथा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में मनीषा कुमारी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा दिव्या तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. नेहा एवं डॉ. कमल कुमार ने निभाई। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हंसराज पारिहार, रेंजर प्रभारी अंकिता चौधरी, मनोज कुमार, रविंद्र कुमार, गोगराज निठारवाल, कैलाश एवं मोहित सहित विद्यार्थी रवीना, मनीषा, दिव्या एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कार्यवाहक प्राचार्य ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# टाई में गंदे पानी से अंतिम यात्रा की शर्मनाक तस्वीर के बाद प्रशासन हरकत में, स्थायी समाधान का काम शुरू

**11 साल से ग्रामीण झेल रहे थे परेशानी, खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शुरू करवाई कार्रवाई**

निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** टाई गांव में श्मशान भूमि की ओर जाने वाले आम रास्ते पर लंबे समय से जमा गंदे पानी की समस्या को लेकर दैनिक नवयत्न में प्रकाशित खबर का असर सामने आया है। खबर में गंदे पानी के बीच से अंतिम यात्रा निकालने की सामने आई शर्मनाक तस्वीर को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। जिला कलेक्टर अरुण गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समस्या का जायजा लिया और जल निकासी के स्थायी समाधान की दिशा में काम शुरू करवा दिया।

पंचायत समिति मंडावा के विकास अधिकारी अमित चौधरी एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आशीष ने मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आया कि पूर्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से बनाए गए नाले में मिट्टी एवं गंदगी जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही थी। इसके चलते श्मशान भूमि की ओर जाने वाले आम रास्ते पर लंबे समय से गंदा पानी जमा हो रहा था और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### अनापत्ति जारी होते ही शुरू हुआ राहत कार्य

प्रशासन के निर्देश पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से मौके की स्थिति का परीक्षण किया गया। इसके बाद मंगलवार को ही आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। अनापत्ति जारी होते ही ग्राम पंचायत ने बिना देरी किए रास्ते में जमा गंदे पानी की निकासी का काम शुरू कर दिया। विकास अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि पुराने नाले की पूरी तरह सफाई कर उसमें जमा मिट्टी एवं गाद हटाई जाएगी। साथ ही नए चैंबर का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने के बाद पानी की निकासी सुचारू होने की उम्मीद है।

### 11 साल से परेशानी झेल रहे थे ग्रामीण

ग्रामीणों के अनुसार श्मशान जाने वाले रास्ते पर करीब 11 साल से गंदे पानी की समस्या बनी हुई थी। रास्ते पर पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती थी। हालात इतने खराब हो गए थे कि अंतिम यात्रा के दौरान भी लोगों को गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता था। ग्रामीणों ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिला प्रशासन और प्रभारी मंत्री तक कई बार गुहार लगाई थी। अब प्रशासन की ओर से कार्रवाई शुरू होने के बाद ग्रामीणों को समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जगी है।

टांई की शर्मनाक तस्वीर : गंदे पानी में फंसी अंतिम यात्रा, शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जाना पड़ा

श्मशान जाने वाले रास्ते पर 11 साल से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। गांव का गंदा पानी, ग्रामीणों ने कलेक्टर और प्रभारी मंत्री तक लगाई गुहार

निसं

विशेष संवाददाता ( नवयत्न )। एक इंसान की जिंदगी का अंतिम सफर सम्मान के साथ पूरा हो, हर परिवार की यही इच्छा होती है। लेकिन टांई गांव में श्मशान घाट तक जाने वाला रास्ता पिछले करीब 11 साल से गांव के गंदे पानी की समस्या से जूझ रहा है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को अब अंतिम संस्कार जैसे दुखद और भावुक क्षण के लिए भी गंदे पानी और कीचड़ के बीच से निकलना पड़ रहा है। रविवार को टांई निवासी मोतिया पत्नी देवकरण रबारी का अस्वाभाविक निधन हो गया। परिवार और ग्रामीण जब अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान ले जाने लगे तो रास्ता गंदे पानी से लबालब मिला। रास्ता अवरुद्ध होने के कारण शव को कंधे पर ले जाना संभव नहीं हुआ। मजबूरी में शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर गंदे पानी से होकर श्मशान तक ले जाना पड़ा। स्थानीय कृष्ण भार्गव, शंभू जोशी, शेखर जोशी, अशोक रबारी, प्रभु सैन, रणवीर डाड़ा, कृष्ण कुमार, अक्षय सैन, विनोद सैनी, दिनेश सैनी, भंवर सिंह, सुरेश शर्मा, शिव कुमार जोशी, बजरंग भाखर सहित ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर और जिला प्रभारी मंत्री से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था कर श्मशान जाने वाले रास्ते की जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।

**घुटनों तक भरे पानी से होकर गुजरे ग्रामीण**

अंतिम यात्रा में शामिल ग्रामीणों को भी घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से पहले भी कई बार समाधानाथ ट्रैक्टर-ट्रॉली, ऊंटगाड़ी और कंधे के सहारे निकासी जा चुकी है। गांव में अंतिम संस्कारों की आवाजाही भी इसी समस्या के कारण प्रभावित है।

**नाला बनाया, लेकिन चौक होने से नहीं हुआ पानी का निकास**

ग्रामीणों के अनुसार समस्या के समाधान के लिए पंचायत प्रशासन की ओर से नाला भी बनाया गया था, लेकिन नाला चौक होने के कारण गांव के गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। पानी आगे निकलने के बजाय श्मशान जाने वाले रास्ते पर ही जमा हो जाता है। लंबे समय से जमा पानी में मच्छर पैदा हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्रामीण बोले धन्यवाद नवयत्न

**मौके पर उपस्थित ग्रामीण कृष्ण कुमार भार्गव, शेखर, शंभू जोशी सहित ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या को दैनिक नवयत्न ने प्रमुखता से उठाया। इसके बाद प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की है।**

*ग्रामीणों ने दैनिक नवयत्न का आभार जताया है।*

# निकाय चुनाव में युवाओं-महिलाओं का उत्साह भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल का संकेत : राठौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश में निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को वन स्टेटए वन इलेक्शन की भावना से कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना की। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है, बल्कि प्रशासनिक कामकाज भी प्रभावित होता है। चुनाव और आचार संहिता के कारण विकास कार्यों की गति रुकती है, जिसका सीधा असर आमजन पर पड़ता है। राठौड़ मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के विधि प्रकोष्ठ की ओर से निकाय चुनाव के लिए प्रकाशित मार्गदर्शिका पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सरकार और प्रशासनिक मशीनरी चुनावी कार्यों में व्यस्त हो जाती है। आचार संहिता की आड़ में विकास कार्य रुकने से लोककल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र का पहरेदार है। पंचायत से लेकर संसद तक किसी भी चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता सजगता के साथ अपनी भूमिका निभाता है।

लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि है,लेकिन मतदाताओं तक सही तथ्य पहुंचाना और विपक्ष की ओर से दी जा रही गलत जानकारी से उन्हें अवगत कराना भी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि युवा राजनीति में आगे आएं, उनकी भागीदारी बढ़े और वे प्रशिक्षित होकर जनप्रतिनिधि के रूप में लोकसेवा के मिशन से जुड़ें, इसके लिए पार्टी अपने युवा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण और अवसर दोनों देती है। नई पीढ़ी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में आगे बढ़े और जनसेवा के लिए समर्पित होए यह पार्टी की प्राथमिकता है। राठौड़ ने निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह को सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं और महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। यह जमीनी स्तर पर डबल इंजन सरकार की ओर से किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों और संगठन की मजबूती के प्रति जनता के सकारात्मक रुझान को दर्शाता है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत, सहसंयोजक भवानी सिंह राजावत, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हिरेन्द्र कौशिक सहित पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## सुभाष चौक पर जाली में फंसा ऑटो चालक का पैर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** शहर के सुभाष चौक पर एक ऑटो चालक का पैर नाले पर लगी लोहे की क्षतिग्रस्त जाली में फंस गया। जाली में युवक का पैर करीब एक घंटे तक फंसा रहा। पैर फंसने से युवक दर्द से कहराता रहा। आखिरकार लोगों की सूझबूझ से जाली को कटर से काटकर ऑटो चालक के पैर को बाहर निकाला गया। वार्ड 57 निवासी ऑटो चालक फारूक लोहार सुभाष चौक पर ऑटो खड़ा करके दुकान से सामान लाने जा रहा था। ऑटो चालक के फंसे पैर को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और चारों तरफ ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को अलग किया और जाम खुलवाया। गनीमत यह रही कि युवक का पैर फ्रैक्चर नहीं हुआ और वह बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जाली में बनी जगह से रोज तीन से चार बाइक सवार व पैदल चलने वाले राहगीर गिर जाते हैं। जिससे वह चोटिल हो जाते हैं। लोगों ने नगर परिषद् पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह जाली पिछले तीन महिनों से टूटी पड़ी है। फिर भी परिषद् का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। आज भी इस नाले में गिरने से तीन हादसे हो गये। जिसमें एक बाइक सवार और एक महिला गिरकर चोटिल हो गये और तीसरा यह हादसा हो गया। लोगों का कहना है कि 181 पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की गई थी। लेकिन अभी तक इसका कोई भी समाधान नहीं हुआ। अगर ऐसी स्थिति रही तो आने वाले समय में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

# क्षत्रीय विकास संस्थान तारानगर में सम्मान समारोह का आयोजन

**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षत्रीय विकास संस्थान तारानगर में अर्जुन सिंह हड़ियाल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार बजरंग सिंह राठौड़ के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में आयोजित इस समारोह में उन्हें क्षेत्रिय विकास संस्थान अध्यक्ष गजराज सिंह राजवी, घनश्याम सिंह चंगोई, अर्जुन सिंह हड़ियाल के द्वारा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। राजेंद्र सिंह ने न्याँगली महामंत्री, जीवन सिंह कोषाध्यक्ष, वीर बहादुर सिंह राठौड़, मोहर सिंह राठौड़, के द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। मातु सिंह मानपुरा, लक्ष्मण सिंह खींची, कुलदीप सिंह बीका, रणजीत सिंह सात्तमील और शैलेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार बजरंग सिंह को अभिनंदन पत्र भेंट किया। संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में तारानगर के थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चारण, गुमान सिंह, सहदेव सिंह भाटी, नरेंद्र सिंह, रतन सिंह चैहान, गोवर्धन सिंह राजवी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राजवीर सिंह चौहान, कैप्टन कल्याण सिंह,

यदुवीर सिंह, घनश्याम सिंह ने विचार प्रकट किये। इस कार्यक्रम में विक्रम सिंह, सवाई सिंह, गिरवर सिंह, बजरंग सिंह चैहान, संदीप सिंह दुलेरी, समुदंर सिंह महलाना, शिव सिंह ख्याली, विरेन्द्र सिंह राजवी, रेवत सिंह भाटी, ओमवीर सिंह, ईश्वर सिंह बिशन सिंह, सूरज सिंह दीपू सिंह, प्रदीप सिंह रेडी, रघुवीर सिंह, भागीरथ सिंह, भीलू सिंह, अर्जुन सिंह दलबीर सिंह, मनोहर सिंह, लखु सिंह शेखावत, शक्ति सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन बलवीर सिंह राठौड़ ने किया।

## सूरजगढ़ पहुंचे यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनाने पर दिया जोर

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मंगलवार को श्याम दरबार सूरजगढ़ पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। मंत्री खर्रा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने तथा आगामी नगरपालिका चुनाव में पूरी एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने सूरजगढ़ नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ जनता के बीच जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनाया जा सकता है।

नवयत्न | कोबरी पोस्ट

# घर से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** घर से सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल चोरी करने के मामले में राजलदेसर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य सामान बरामद किया। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को भावनदेसर निवासी विनोद कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसका पुत्र विकास 13 अगस्त की सुबह करीब 3 बजे घर से 5 जोड़ी चांदी की पाजेब, सोने का मंगलसूत्र, सोने की टॉप्स की एक जोड़ी, सोने की बालियां, तीन नाक के लूंग सोने का बोरला, दो चांदी के सिक्के सहित अन्य पुराने सोने-चांदी के आभूषण और एक एंड्रॉयड मोबाइल लेकर चला गया। मामला दर्ज होने के बाद जांच एएसआई रामनिवास को सौंपी गई। रतनगढ़ पुलिस उपधीक्षक इनसार अली ने बताया कि थाना अधिकारी बेगाराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। टीम ने आरोपी की तलाश में माउंट आबू, सिरोही, जोधपुर, सुजानगढ़, श्रीडूंगरगढ़, छापर सहित आसपास के संभावित स्थानों पर दबिश दी। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए छापर से आरोपी विकास निवासी भावनदेसर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से पांच जोड़ी पाजेब चांदी की, चांदी के 2 बड़े सिक्के, 4 छोटे सिक्के, चांदी की बालाजी की मूर्ति, बिछुड़ी चांदी की, नाक कांटे सोने के, मंगलसूत्र सोना का, टॉप्स की एक जोड़ी और बोरला सोना का सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई है। पुलिस का कहना है कि चोरी गए माल की शत-प्रतिशत बरामदगी की गई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक मामला दर्ज बताया गया है। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। मामले में पुलिस का अनुसंधान जारी है।

## वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ तेरापंथ कन्या मंडल ने साझा किए आत्मीय पल

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में संचालित उपनिषद पार्ट-2 के अंतर्गत तेरापंथ कन्या मंडल बीदासर द्वारा तेरापंथ महिला मंडल बीदासर के निर्देशन में बीकानेर स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में विजिट टू ओल्ड एज होम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कन्या मंडल की सदस्याओं ने वृद्धाश्रम में निवासरत करीब 200 वृद्धजनों के साथ आत्मीय समय बिताकर सेवा, संवेदना और अपनत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में कन्या मंडल की सदस्याओं ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया और उनके साथ समय बिताया। इस दौरान वृद्धजनों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। सेवा और स्नेह से भरे इस आयोजन से वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खाद्य सामग्री का वितरण करना नहीं, बल्कि वृद्धजनों को सम्मान, अपनत्व और परिवार जैसी आत्मीयता का अनुभव कराना रहा। इस अवसर पर अपना घर वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक रमेश राठी ने वृद्धाश्रम की कार्यप्रणाली एवं वहां संचालित विभिन्न सेवा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने वृद्धजनों की देखभाल, रहने एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में भी उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। कार्यक्रम में तेरापंथ महिला मंडल बीदासर से सुशीला देवी सेखाणी, तेरापंथ कन्या मंडल संयोजिका गरिमा बोथरा, सह-संयोजिका दिव्या दुगड़ सहित सदस्य मेघा बैंगानी, रिया दुगड़, दिव्या बोथरा, मीनाक्षी सेखाणी, निशा सेखाणी एवं दिशा सिंघी की सहभागिता रही। कन्या मंडल की सदस्याओं ने सेवा के इस अवसर को अपने जीवन का प्रेरणादायी अनुभव बताते हुए कहा कि वृद्धजनों के साथ बिताया गया समय संवेदना, धैर्य और रिश्तों की वास्तविक कीमत समझने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि सेवा केवल वस्तु देने का नाम नही, बल्कि किसी व्यक्ति को अपनेपन और सम्मान का एहसास कराने का माध्यम है। कार्यक्रम के माध्यम से इसी भावना को साकार करने का प्रयास किया गया।

## विद्यार्थियों को दिया उद्यमिता का संदेश

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** सेठ श्री मोहन लाल जालान राजकीय महाविद्यालय में 21 अगस्त से 5 सितंबर 2026 तक आयोजित उद्यमिता पखवाड़े के तहत मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केसी जोशी, डॉ सुशील कुमार त्यागी, डॉ धनराज पांडिया, डॉ आशा वर्मा, प्रो प्रिंस बगडिया एवं डॉ प्रियंका देवड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो शैलेश जिनरा ने उद्यमिता विषय पर व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न अवसरों, नवाचार और स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचारों को नए अवसरों एवं सफल उद्यम में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं नवाचार से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### रक्षाबंधन पर चंद्र ग्रहण का साया, फिर भी अटूट रहेगा भाई-बहन का प्रेम . . .

# प्रसिद्ध अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव से जानिए विशेष राय

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, स्नेह और जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने का पवित्र संकल्प है। सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की सबसे खूबसूरत भावनाओं से परिपूर्ण त्योहारों में से एक मानी जाती है। रक्षाबंधन रक्षासूत्र से ज्यादा भाई-बहन में एक दूसरे के प्रति सुरक्षा और लगाव के अहसास का पवित्र बंधन है। इस बारे में सुजानगढ़ के प्रसिद्ध अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव से बात करने पर उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं में रक्षाबंधन से जुड़ी कई कथाएं मिलती हैं। भगवान श्रीकृष्ण और द्रौपदी का प्रसंग भाई-बहन जैसे पवित्र स्नेह और रक्षा के भाव का प्रतीक माना जाता है। माता लक्ष्मी द्वारा राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधने की कथा भी सामने आती है। कालांतर में यह पर्व परिवार और समाज में प्रेम तथा रिश्तों को मजबूत करने वाला उत्सव बन गया। इस बार 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन के दिन चंद्र ग्रहण की चर्चा के कारण लोगों के मन में यह सवाल है कि क्या ग्रहण का असर राखी बांधने के मुहूर्त पर पड़ेगा ? इस संबंध में अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव का कहना है कि धर्म-शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का धार्मिक प्रभाव मुख्य रूप से उसी स्थान पर माना जाता है, जहां ग्रहण दिखाई देता है। 28 अगस्त का चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, जिसके कारण यहां इसके चलते रक्षाबंधन के धार्मिक आयोजन पर कोई विशेष प्रतिबंध नहीं माना जाएगा। इसलिए बहनें शुभ समय में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकती हैं। राखी बांधने के शुभ समय के बारे में नामदेव ने बताया कि पंचांग के अनुसार इस दिन भद्रा का साया नहीं रहेगा। राखी बांधने के लिए सुबह 5:57 बजे से 10:46 बजे तक का समय शुभ माना गया है। वहीं अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:56 बजे से दोपहर 12:48 बजे तक रहेगा। हालांकि स्थानीय पंचांग और स्थान के अनुसार मुहूर्त में कुछ मिनटों का अंतर संभव है, इसलिए परिवार अपनी स्थानीय परंपरा और पंचांग को भी ध्यान में रख सकता है।

**छोटा सा धागा नहीं, अहसास भरा रिश्ता है -** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में भाई-बहन भले ही अलग-अलग शहरों या देशों में रहने लगे हो, लेकिन राखी का एक छोटा-सा धागा मात्र नहीं है। यह वर्षों पुरानी यादों को फिर से जीवंत कर देता है। बचपन की नोकझोंक, साथ खेलना, एक-दूसरे की शिकायतें और फिर थोड़ी देर में साथ हो जाना। यही छोटी-छोटी यादें इस रिश्ते को खास बनाती हैं। राखी बांधते समय बहन केवल भाई की कलाई पर धागा नहीं बांधती, बल्कि उसके सुख, स्वास्थ्य, सफलता और लंबी उम्र की कामना करती है। भाई भी बहन की रक्षा, सम्मान और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का संकल्प लेता है। सुरेंद्र नामदेव ने नामदेव ने कहा है कि असल में रक्षाबंधन की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि इसमें रक्षा केवल भाई की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि दोनों के बीच एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ निभाने का वादा है। इसलिए ग्रहण हो या कोई खगोलीय घटना, रक्षाबंधन का मूल संदेश नहीं बदलता। रिश्तों में प्रेम हो, मन में विश्वास हो और भाई-बहन का साथ जीवनभर बना रहे। यही इस पवित्र पर्व की सबसे बड़ी शक्ति है। इसी शक्ति के चलते यह केवल एक धर्म का त्योहार नहीं रहकर धीरे-धीरे सभी धर्मों में विस्तृत होता जा रहा है, जो इसकी महानता और महत्व को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है।

# अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा

## आदतन अपराधी की नई हिस्ट्रीशीट खोली

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** जिले में अवैध मादक पदार्थों, लूट एवं अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बीकानेर पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। जिला पुलिस अधीक्षक मुदुल कच्छावा के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वांछित आरोपियों पर नकद इनाम घोषित करने के साथ ही आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में नोखा थाना क्षेत्र के एक आदतन अपराधी की नई हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

### नोखा के मोहनसिंह की नई हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश

पुलिस के अनुसार नोखा निवासी मोहनसिंह पुत्र जगमालसिंह राजपूत की नई हिस्ट्रीशीट खोली गई है। संबंधित थाना अधिकारी को उसकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मोहनसिंह के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण, मारपीट और अवैध हथियार सहित कई गंभीर मामलों में प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को नोखा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हिस्ट्रीशीट खोले जाने के बाद पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्ति की गतिविधियों, संपर्कों और आपराधिक पृष्ठभूमि पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### कोलायत और गजनेर के एनडीपीएस मामलों में 5-5 हजार का इनाम

कोलायत थाना क्षेत्र में 3 दिसंबर 2025 को दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित आरोपी उसेन खिलेरी निवासी धरनोक, पांचू पर पुलिस ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 और 29 के तहत मामला दर्ज है। इसी आरोपी के खिलाफ गजनेर थाने में 9 जनवरी 2026 को भी एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 और 29 के तहत प्रकरण दर्ज होने की जानकारी पुलिस रिकॉर्ड में है।

### लूणकरणसर में भी वांछित आरोपी पर 5 हजार का इनाम

लूणकरणसर थाना क्षेत्र में 18 फरवरी 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत दर्ज मामले में वांछित श्यामसुंदर निवासी काजू की सीड, पांचू, जिला फलोदी पर भी पुलिस ने 5 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया है।

### अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी बढ़ाने के निर्देश

पुलिस ने बार-बार अपराध करने वाले तथा आमजन में भय पैदा करने वाले अपराधियों पर भी निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना स्तर पर आपराधिक रिकॉर्ड की समीक्षा कर ऐसे बदमाशों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। नोखा से जुड़ी कार्रवाई विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि पुलिस रिकॉर्ड में गंभीर मामलों में नाम सामने आने वाले मोहनीसिंह की नई हिस्ट्रीशीट खोलने से पुलिस निगरानी का दायरा और मजबूत होगा। वहीं नोखा-पांचू क्षेत्र से जुड़े फरार आरोपियों पर घोषित इनाम से पुलिस की प्राथमिकता साफ है कि लंबे समय से वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए सूचना तंत्र और निगरानी को सक्रिय किया जा रहा है। पुलिस का संदेश स्पष्ट है- अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी और गंभीर मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज की जाएगी।

### पांचू में लूट के दो आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम

पुलिस ने पांचू थाना क्षेत्र में दर्ज लूट के मामले में लंबे समय से वांछित दो आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार 5 अगस्त 2026 को दर्ज प्रकरण में वांछित आरोपी अशोक निवासी नावां, नोखा तथा मनीष निवासी देवड़, पांचौड़ी, जिला नागौर शामिल हैं। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309 (4), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज है।

## भोला बाबा बगीची में पार्थिव शिवलिंग पूजन व रुद्राभिषेक का आयोजन

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के गौशाला बास स्थित संत भोला बाबा बगीची में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर मंगलवार शाम 6 बजे से भव्य पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन किया गया। परिसर में 108 जोड़ो ने सामुहिक रूप से किया रुद्राभिषेक । धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। पुजारी रामचंद्र शर्मा ने बताया कि बगीची के महंत सोमनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में सुरजीतनाथ महारा, प्रेमनाथ महाराज, काननाथ महाराज सहित अनेक संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान आचार्य गंगाधर शास्त्री, किशन शास्त्री एवं हेमंत शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक की विधि संपन्न करवाई। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का पंचामृत एवं विभिन्न पवित्र द्रव्यों से अभिषेक किया। मंत्रोच्चार और भगवान शिव के जयकारों से बगीची परिसर भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-शांति, खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना की। कार्यक्रम के दौरान संतों ने श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव भक्ति मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। रुद्राभिषेक एवं शिव पूजन को सनातन परंपरा में विशेष फलदायी माना गया है। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित भी किया गया।

## बीदासर में लहरिया महोत्सव में दिखी राजस्थानी संस्कृति की रंगीन छटा

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** वार्ड नंबर 4 स्थित बाल बाड़ी भवन में रविवार शाम लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में राजस्थानी संस्कृति, परंपरा और लोक कला की आकर्षक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में महिलाओं की भारी उपस्थिति रही और प्रतिभागियों में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरली स्वामी ने की। मुख्य अतिथि तहसीलदार इन्द्राज बारूपाल व थानाधिकारी सुभाष चन्द्र रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरीया, दिलीप सिंह राजपुरोहित, सरिता सिंघी व पुटिया राजा चाडवास मौजूद रहे। महोत्सव के दौरान मिस बीदाणा-2026, घूमर नृत्य, राजस्थानी भाषण एवं कविता तथा बणी-ठणी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मिस बीदाणा-2026 का खिताब यशस्वी गोदारा ने जीता, जबकि इन्द्रा जाट व मंजू सिद्ध रनरअप रहीं। विजेता यशस्वी गोदारा को अतिथियों ने 11 हजार रुपये की राशिए ट्रॉफी व ताज पहनाकर सम्मानित किया। घूमर नृत्य प्रतियोगिता में भगवती प्रजापत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में निधि जाट व दृष्टि प्रजापत टॉपर रहीं। सुंदर वेशभूषा प्रतियोगिता में कृष्णा सुथार, सावित्री राजपुरोहित व सरोज प्रजापत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार नामदेव एवं कवि हरिराम गोपालपुरा ने किया। आयोजन के दौरान राजस्थानी वेशभूषा, लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान समारोह 5 सितंबर को, तैयारियां प्रारंभ

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ के तत्वावधान मे शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान समारोह अजीतगढ़ पी.जी. कॉलेज अजीतगढ के सभागार भवन मे आयोजित होगा। तहसील प्रभारी कपिल मीणा व ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा ने बताया कि समारोह मे अजीतगढ़ व श्रीमाधोपुर ब्लॉक के श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान से नवाजा जायेगा।

## विद्यालय में सुप्रीम फाउंडेशन के पदाधिकारियों का शैक्षिक निरीक्षण, रिक्त पदों पर शिक्षक लगाने की घोषणा

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम ढाणी कुम्हारान स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिक निरीक्षण एवं सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीदासर ब्लॉक के एसीबीईओ प्रेम रतन शर्मा सहित सुप्रीम फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यालय की आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी महावीर तापड़िया, कमल डागा, मुख्य समन्वयक श्याम बाबू, कोऑर्डिनेटर दीपक कौशिक एवं योगेश ने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की अध्ययन व्यवस्था तथा सह.शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली। पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ से संवाद कर विद्यालय की आवश्यकताओं और समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर भी चर्चा हुई। सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी महावीर तापड़िया ने विद्यालय में रिक्त सभी पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेए इसके लिए फाउंडेशन विद्यालय को आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाने का प्रयास करेगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विद्यालय में डिजिटल बोर्ड उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की गई। डिजिटल बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को विषयों को बेहतर ढंग से समझने तथा डिजिटल संसाधनों के जरिए अध्ययन करने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। एसीबीईओ प्रेम रतन शर्मा ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं और फाउंडेशन का सहयोग विद्यालयों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। विद्यालय परिवार की ओर से सुप्रीम फाउंडेशन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया तथा उम्मीद जताई गई कि भविष्य में भी विद्यालय को इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

## पूछताछ के दौरान नाबालिग से मारपीट का आरोप : पिता ने मानवाधिकार आयोग और डीसीपी से की शिकायत

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए 16 वर्षीय नाबालिग से मारपीट करने और उसके हाथ में फ्रैक्चर होने का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने मामले में राजस्थान मानवाधिकार आयोग और पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर उत्तर को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार आमेर थाने में दर्ज चोरी के दर्ज मामले में पूछताछ के लिए पिता अपने नाबालिग बेटे को 5 अगस्त 2026 को दोपहर में आमेर थाने लेकर पहुंचे था। आरोप है कि जांच अधिकारी ने पिता को थाने के बाहर बैठा दिया। वहीं कुछ समय बाद जब नाबालिग थाने से बाहर आया तो उसने परिजनों को बताया कि उसके साथ गलत व्यवहार किया गया है। नाबालिग के हाथ में तेज दर्द होने पर परिजन उसे आमेर सेटेलाइट अस्पताल लेकर गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने एक्स-रे कराने की सलाह दी। इसके बाद 6 अगस्त को सवाई मानसिंह अस्पताल में एक्स-रे कराया गया, जिसमें कोहनी के पास फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। बाद में परिजन उसे आगरा रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसके हाथ पर प्लास्टर चढ़ाया गया। पीड़ित के पिता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी और मामले से जुड़े अन्य लोगों ने नाबालिग के साथ गलत व्यवहार किया और मारपीट की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कारी पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/141 दिनांक :- 25-08-2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कारी में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|
| 03/2026-27 | ZJU2627A0663 | ZJU2627WSOB01299 |
| 04/2026-27 | ZJU2627A0664 | ZJU2627WSOB01300 |
| 05/2026-27 | ZJU2627A0665 | ZJU2627WSOB01301 |
| 06/2026-27 | ZJU2627A0666 | ZJU2627WSOB01302 |
| 07/2026-27 | ZJU2627A0667 | ZJU2627WSOB01303 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत कारी पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत कारी पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कांग्रेस की प्रदेश समन्वय समिति में ताराचंद सैनी शामिल

हर्ष सोनी

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव की तैयारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय के लिए 11 सदस्यीय प्रदेश समन्वय समिति का गठन किया है। समिति में नवलगढ़ के प्रधान ताराचंद सैनी को भी शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने समिति को नगर निकाय चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है। समिति चुनाव की देखरेख के साथ जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच समन्वय का काम करेगी। समिति में प्रभारी रामसिंह कस्वां के साथ सदस्य अयूब खान, डॉ अर्चना सुराणा, कुलदीप पुनिया, नितिन व्यास, राजेंद्र यादव, प्रद्युम्न सिंह राठौड़, पंकज दाधीच, अविकुल शर्मा और श्रीराम गुर्जर को शामिल किया गया है। ताराचंद सैनी के समिति में शामिल होने से शेखावाटी क्षेत्र को भी प्रतिनिधित्व मिला है।

## योगेंद्र कुमार को पीएचडी की उपाधि

संजय सोनी

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में सहायक आचार्य (अंग्रेजी) योगेंद्र कुमार को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने दक्षिण एशिया की चयनित कथाओं में संघर्ष, पहचान और अपनत्व विषय पर शोध किया। उनके शोध कार्य का निर्देशन राजस्थान विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ श्वेता मीणा ने किया। शोध में दक्षिण एशियाई साहित्य के चयनित उपन्यासों के माध्यम से संघर्ष, पहचान और अपनत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों का विश्लेषण किया गया। पीएचडी की उपाधि मिलने पर परिवार, महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने योगेंद्र कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्राचीन बड़ा शिव मंदिर में छप्पन भोग, शिव भक्तों का सम्मान

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** शब्दाक्षर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था राजस्थान के तत्वावधान में प्राचीन बड़ा शिव मंदिर में सावन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान शिव का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मुरली मनोहर मंदिर के महंत प्रभुदयाल शर्मा ने भगवान शिव का श्रृंगार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दाक्षर प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार जांगिड़ ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी कैलाश चोटिया रहे। विशिष्ट अतिथि मुरली मनोहर चोबदार, संतोष चतुर्वेदी, संजय मिश्रा, सज्जन जोशी और राजाराम पेड़ेवाला रहे। इस दौरान भगवान शिव की सेवा करने वाले शिव भक्त गिरिश छावछरिया, शिवदयाल सैनी और लक्ष्मीकांत डोकवाल का शॉल, साफा, माला और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष रमाकांत सोनी ने किया। कार्यक्रम में श्याम सुंदर रूंथला, कपिल रूंथला, सुधीर सहल, सोनू जोशी, महेंद्र कुमार शर्मा, दयाराम शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, मनोहर लाल सैनी, शशि छावछरिया, टीएम त्रिपाठी, ओमप्रकाश शर्मा, दीनदयाल सैनी, बाबूलाल सैनी, दीपचंद भाट, राजकुमार सोनी, सुरेश सोनी, शंकरलाल गुर्जर, प्रमोद शर्मा, मुरारीलाल मोदी, विजय कुमार मोदी, सत्यनारायण दर्जी, अभिषेक टेलर, सुनील टेलर सहित सैकड़ों शिव भक्त मौजूद रहे।

## एक दिन में 1193 किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका

### झुंझुनूं प्रदेश में 5वें स्थान पर 168 सत्रों में चला अभियान, बुहाना में 182 किशोरियों का टीकाकरण

अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** जिले में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीके से सुरक्षित करने के लिए रविवार को विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में अभियान चलाया। एक दिन में 1193 किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया गया। अभियान के तहत जिले में 168 टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। खास बात यह रही कि सभी 168 सत्र सफल रहे। बुहाना में 182 किशोरियों को टीका लगाया गया, जो जिले में दूसरा सबसे अधिक है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पात्र किशोरियों को चिन्हित कर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया और अभिभावकों को भी टीके के प्रति जागरूक किया।

#### 23 अगस्त तक 12,810 किशोरियों को लगा टीका

जिले में 23 अगस्त तक 21,494 के लक्ष्य के मुकाबले 12,810 किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। जिले में टीकाकरण की कवरेज 59.60 प्रतिशत पहुंच गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार झुंझुनूं प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। इससे आगे डीग, सिरोही, भीलवाड़ा और झालावाड़ जिले हैं।

#### कलेक्टर ने टीम को दी बधाई

अभियान की सफलता पर जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, नोडल अधिकारी एवं बीसीएमओ डॉ जयवीर सिंह भगासरा सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेहतर योजना, प्रभावी निगरानी और टीम के सामूहिक प्रयास से अभियान सफल हुआ है।

## दो हादसों में हुए तीन लोग घायल

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** छापर रोड की सम्राट होटल के पास हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 3 लोग घायल हो गए। पहला हादसा सोमवार रात को गांधी आश्रम के सामने हुआ। जिसमे दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में राकेश जाट निवासी भीमसर तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार राकेश निवासी मंडेता रोड सुजानगढ़ घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे तथा दोनों को सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती करवाया। दूसरे सड़क हादसे में मंगलवार सुबह सम्राट होटल के पास ही मोटरसाइकिल स्लिप होने से सुखाराम निवासी गुलेरिया घायल हो गए, जिसे रमेश बागड़ा तथा ऑटो चालक की मदद से सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया।

# एसएस मोदी विद्या विहार में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण

### विद्यार्थियों ने ली जिम्मेदारी और नेतृत्व की शपथ

सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** शहर के गौरव पथ स्थित एसएस मोदी विद्या विहार में सत्र 2026-27 के निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल शौकत अली और विशिष्ट अतिथि बीसीसीआई पंजीकृत क्रिकेटर एवं कोच श्रीनाथ अरविंद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत से हुई। विद्यालय बैंड ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल और प्राचार्य विजय मसीह ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कर्नल शौकत अली ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जीवन में मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्रीनाथ अरविंद ने कहा कि छात्र परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग और टीम भावना विकसित करना है। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने कहा कि परिषद का हिस्सा बने विद्यार्थियों के लिए यह दिन प्रेरणादायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता के प्रति कृतज्ञ रहने और मिली जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने का आह्वान किया। मंच संचालन अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया। मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने नवगठित छात्र परिषद को शुभकामनाएं दीं।

#### इनको भी दी जिम्मेदारी

छात्र परिषद, सदन परिषद और एआई स्क्वाड के विभिन्न पदों के लिए दैविक राज वशिष्ठ, विभुति हरितवाल, संकेत रेपस्वाल, ऐलिस खान, गर्वित जांगिड़, मान्या सैनी, कोमल, भवि सुगंध, सुमैरा खानम, राशि खारिया, रचित पोदार, आर्यराज सिंह, भूमि सोनी, शिवानी अग्रवाल, आंचल जानू, सरिब मोहम्मद, डार्विन बेनीवाल, कबीर खान, तनुश्री, रितिका खंडेलवाल, नितिका, सिद्धांत सिंह, शशांक देवड़ा, हेमंत कुमार, कनिष्का शर्मा, निधि शर्मा, नयंसी, विनित जांगिड़, केशव गाडिया, हसन अजीज कुरैशी, मिनल अग्रवाल, पूजा चाहर, वर्षिका, नवीन सिंह, रचित कुमावत, किशोरी अग्रवाल, मानवी आर्य, सुमित सोनी, प्राची शर्मा और रिदित खीचड़ को भी शपथ दिलाई गई।

#### हेड गर्ल निकिता और हेड बॉय वेदांत मीणा बने

समारोह में हेड गर्ल निकिता और हेड बॉय वेदांत मीणा सहित हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कैप्टन समेत विभिन्न पदों पर चयनित विद्यार्थियों को बैज और श्रृंगार पट्टी पहनाई गई। विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाने और देश के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली।

## सुखतलाई धाम में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, रुद्राभिषेक के बाद भंडारा

सुमेर मीणा

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** अरावली पहाड़ियों में स्थित सुखतलाई धाम में मंगलवार को महादेव का रुद्राभिषेक और भंडारा आयोजित हुआ। महंत रामसकल दास महाराज और योगेश्वर सिद्ध पीठ कोतवाल के महंत डॉ योगश्री नाथ महाराज के सानिध्य में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंडित श्रीकांत महाराज के आचार्यत्व में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। श्रद्धालुओं ने जल, दूध, दही, शहद, शक्कर और पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पहाड़ी क्षेत्र गूंज उठा। महंत रामसकल दास महाराज ने कहा कि रुद्राभिषेक से मन को शांति मिलती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा व भाईचारे की भावना बढ़ती है। आयोजन में दिनेश शर्मा शाकंभरी, ललित सोनी, रमाकांत मित्तल, विकास योगी, शिवम बंसल, जितेंद्र बंशीवाला, महेंद्र टेलर, डॉ रोहिताश, डॉ राकेश, डॉ नेहा, डॉ जाबिर, पूनम, सीमा, दीपक, सुनील, हेमंत सैनी, बंसीधर सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सेवाएं दीं।

#### सुंदरकांड के बाद महाप्रसादी बांटी

श्रीबालाजी सुंदरकांड समिति के सदस्यों ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इसके बाद महादेव का श्रृंगार कर महाआरती की गई। महंत रामसकल दास महाराज के हाथों श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई।

## चरक जयंती सप्ताह का समापन, विद्यार्थियों को बताई स्वस्थ जीवनशैली

सुमेर मीणा

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** गांधी नवजीवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को चरक जयंती सप्ताह का समापन हुआ। आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमावत ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी जानकारी दी। डॉ कुमावत ने कहा कि आचार्य चरक भारतीय चिकित्सा परंपरा के महान आचार्यों में शामिल हैं। उनकी ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण संकलन चरक संहिता है, जो आयुर्वेद का आधार ग्रंथ मानी जाती है। इसमें केवल रोगों के उपचार की जानकारी ही नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और दीर्घायु जीवन के लिए भी उपयोगी सिद्धांत बताए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक दिनचर्या, आहार-विहार और संयमित जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी। कहा कि आज अनियमित दिनचर्या, तनाव, जंक फूड, मोबाइल और स्क्रीन के अधिक उपयोग तथा शारीरिक श्रम की कमी के कारण स्वस्थ जीवनशैली जरूरी हो गई है। ऐसे समय में आयुर्वेद में बताई गई दिनचर्या और ऋतुचर्या उपयोगी साबित हो सकती है। संस्था प्रधान मूलचंद गुर्जर ने डॉ कुमावत का आभार जताया और उन्हें दोबारा विद्यालय आने का आग्रह किया। कार्यक्रम में नीरज यादव, बीरबल देवठिया, आकाश कुमावत, चंपा रामुका, रेशमी कुमावत, फूलचंद सैनी सहित विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

#### प्रकृति संरक्षण का भी दिया संदेश

डॉ कुमावत ने कहा कि आचार्य चरक ने प्रकृति और मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को समझाया था। विद्यार्थियों से एक पेड़ लगाने, औषधीय पौधों की रक्षा करने, पानी बचाने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का माध्यम है।

## शाम से रात तक बार-बार गुल हो रही बिजली, ग्रामीण परेशान

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** कस्बे में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। बिजली बंद होने का कोई तय समय नहीं होने से लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी शाम के समय हो रही है, जब बिजली बार-बार गुल हो जाती है। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने बताया कि शाम आरती के समय से रात करीब 10 बजे तक तीन से चार बार बिजली कटौती हो रही है। बार-बार बिजली बंद होने से घरेलू कामकाज के साथ दुकानदारों का काम भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम का समय सबसे व्यस्त रहता है, ऐसे में बिजली कटौती से परेशानी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से अघोषित कटौती पर रोक लगाने और बिजली आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी कारण से बिजली बंद करना जरूरी हो तो पहले सूचना दी जाए, ताकि लोग अपने जरूरी काम की व्यवस्था कर सकें।

## परसरामपुरा में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परसरामपुरा में स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंगलवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। प्रधानाचार्या पुष्पा शेखावत एवं यथावत प्रधानाचार्य भंवरलाल मीणा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरी। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को घर और आसपास का वातावरण साफ रखने तथा स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने जगह-जगह रैली का स्वागत किया। पीएम श्री प्रभारी जितेंद्र कुमार पंवार एवं कार्यक्रम प्रभारी कैलाश चंद सैनी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विद्यालय में वाद-विवाद, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ सूखे-गीले कचरे को अलग करने की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा ग्रामीणों के साथ परिचर्चा और गोष्ठी तथा विद्यालय व आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है।

## हनुमानजी की ढाणी से सालासर के लिए निकली पदयात्रा

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** हनुमानजी की ढाणी से मंगलवार को सालासर बालाजी के लिए 7वीं पदयात्रा रवाना हुई। श्रीचंद सिहाग के नेतृत्व में निकली पदयात्रा को पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्री डीजे की धुन पर नाचते-गाते और बालाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान जगमाल सिंह, सहीराम, रामसिंह शेखावत, नितेश, अनिल सिहाग, रोहितास, मनोज बुगालिया, कुलदीप, संजीव, विजेंद्र, प्रभु सिंह सिहाग, दीपक, महेश, राजू सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मनोज कुमार यादव बने शिक्षक संघ सियाराम के ब्लॉक अध्यक्ष

मधु दहिया

**बुहाना (नवयत्न)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उप शाखा बुहाना का वार्षिक अधिवेशन एवं नवीन कार्यकारिणी गठन श्री अमीचंद आईटीआई परिसर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम यादव ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, प्रदेश मंत्री महेश सैनी तथा विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र यादव व प्रवीण कुमार रहे। अधिवेशन के प्रथम चरण में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा की गई। मंत्री नरेश सिंह तंवर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष विजय सिंह कुमावत ने वर्षभर का आय-व्यय विवरण रखा। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी वेद प्रकाश ने निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नवीन कार्यकारिणी में मनोज कुमार यादव को ब्लॉक अध्यक्ष, महिपाल सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, किशोरी लाल कुमावत को सभा अध्यक्ष, सहदेव यादव को उपाध्यक्ष, ममता रानी को महिला उपसभाध्यक्ष, नरेश सिंह तंवर को मंत्री, मधु मीना को महिला मंत्री तथा विजय सिंह कुमावत को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार बलबीर सिंह को ऑडिटर, पुलकित कुमार को प्रवक्ता, सूरज कुमार को संगठन मंत्री, सुमन लांबा को महिला संगठन मंत्री, नथू सिंह को सहायक मंत्री, सुमन लता को महिला सहायक मंत्री, रमेश कुमार को क्षेत्रीय संगठन मंत्री तथा श्रवण कुमार को कार्यालय मंत्री बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न शिक्षा संवर्गों के प्रतिनिधियों को कार्यकारिणी में सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। अधिवेशन में शिवराम यादव ने संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बुहाना उप शाखा में सदस्यता वृद्धि के लिए नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी गई। अंत में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों का आभार जताया।

## 24 कोसीय परिक्रमा की तैयारी : चिराणा पंचायत ने संभाली कमान, झाड़ियां हटाकर रास्ता किया साफ

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में भादो अमावस्या पर होने वाले लखखी मेले और गोगा नवमी से शुरू होने वाली 24 कोसीय परिक्रमा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। हजारों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए चिराणा ग्राम पंचायत ने परिक्रमा मार्ग को सुगम बनाने का अभियान शुरू किया है। पंचायत कर्मियों की ओर से मार्ग के दोनों ओर उगी बबूलए कटली और अन्य झाड़ियों को हटाया जा रहा है। साथ ही रास्ते में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जा रहा है। इससे परिक्रमा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को पैदल यात्रा में परेशानी नहीं होगी। पंचायत का प्रयास है कि श्रद्धालु आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण में 24 कोसीय परिक्रमा पूरी कर सकें।

#### हजारों श्रद्धालु करते हैं पैदल परिक्रमा

भादो अमावस्या पर लोहार्गल में लगने वाला लखखी मेला शेखावाटी सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है। गोगा नवमी से शुरू होने वाली 24 कोसीय परिक्रमा में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करते हैं।

#### रोशनी और सफाई पर भी फोकस

ग्राम पंचायत की ओर से परिक्रमा मार्ग की सफाई के साथ अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर भी निगरानी रखी जा रही है। पंचायत का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक रास्ता मिले। ग्रामीणों ने झाड़ियों की कटाई और सफाई अभियान की सराहना की है।

## माकपा तारानगर व साहवा नगर पालिका में उतारेगी अपने उम्मीदवार

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** माकपा की तहसील कमेटी की अहम बैठक मंगलवार को तहसील सचिव कॉमरेड रामस्वरूप सहारण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड निर्मल कुमार सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी नगर पालिका आम चुनाव 2026 को लेकर विस्तृत से चर्चा की गई। तारानगर एवं साहवा नगर पालिका में पार्टी की ओर से अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने तथा चुनाव को मजबूती के साथ लड़ने का निर्णय लिया गया व पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनाव अभियान में जुटने का आह्वान किया गया। बैठक में पार्टी नेताओं ने कहा कि आमजन के मुद्दों, मजदूर-किसान, युवा, महिला एवं स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को लेकर माकपा मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करेगी और नगर पालिका चुनाव में जनहित के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएगी। बैठक में कॉमरेड दाताराम भाकर, पूर्णाराम सरावग, इन्द्राजसिंह, चिमनाराम पांडर, विकास सोनी, उमराव सिंह, एडवोकेट मुकेश शर्मा, किसन शर्मा, मनोहरलाल शर्मा, नितेश उपाध्याय, मुरली पटीर, महेंद्र झाझड़िया, सहदेव पांडिया, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद नाजीर, कुनण बरोड़, गणेश प्रजापत, सोहनलाल प्रजापत, महेन्द्र झाझड़िया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए पूरी एकजुटता और सक्रियता के साथ चुनाव मैदान में उतरने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय

# निरंकुश साइबर ठग

साइबर धोखाधड़ी में लिप्त दो लोगों की मुंबई से गिरफ्तारी के बाद जिस तरह यह उजागर हुआ कि उनकी ओर से ठगी गई रकम सैकड़ों करोड़ों रुपये हो सकती है, वह इसका सूचक है कि डिजिटल अरेस्ट, निवेश के लालच और अन्य तरीकों से साइबर धोखाधड़ी करने वाले कितने अधिक बेलगाम हो गए हैं। ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर मनी लांड्रिंग के तहत भी मुकदमा चलाया जाएगा, क्योंकि वे धोखाधड़ी से हासिल धनराशि को विदेशी मुद्रा में बदलकर विदेश भेज देते थे। इस नेटवर्क की व्यापकता का पता इससे चलता है कि यह 20 राज्यों में फैला था और इसे चार सौ खातों के जरिये संचालित किया जा रहा था। इस गिरोह के शिकार लोगों की संख्या सैकड़ों में है।

इसका मतलब है कि साइबर धोखाधड़ी का काम एक तरह से एक उद्यम की तरह चलाया जा रहा था। यह संगठित अपराधियों की ओर से की जाने वाली आनलाइन डकैती ही है। हैरानी नहीं कि देश में साइबर धोखाधड़ी करने वाले इस तरह के और भी बड़े गिरोह हों। वैसे भी छोटे-मोटे गिरोहों की तो कोई गिनती ही नहीं है। उनकी सक्रियता का पता इससे चलता है कि लगभग हर दिन देश के किसी न किसी हिस्से से साइबर ठगी का कोई मामला सामने आता है। विडंबना यह है कि बहुत कम मामलों में पुलिस ठगों तक पहुंच पाती है। इससे भी बड़ी समस्या है कि कुछ ही मामलों में धोखाधड़ी करके हड़पी गई राशि पीड़ित व्यक्तियों को मिल पाती है। साइबर ठगों तक पुलिस की मुश्किल से पहुंच का एक कारण यह है कि वे दूरदराज से और कई बार तो विदेश में बैठकर ठगी करते हैं। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों का संज्ञान सुप्रीम कोर्ट भी ले चुका है और वह कुछ मामलों की जांच सीबीआइ को भी सौंप चुका है, लेकिन यह कहना कठिन है कि साइबर अपराधियों पर कोई प्रभावी लगाम लग पा रही है। वे नए-नए तरीकों से ठगी करने में सफल हैं। इसका प्रमाण यह भी है कि साइबर ठगी के जरिये लोगों से हड़पी गई राशि बढ़ती ही जा रही है। वैसे तो बैंकों में जमा धन की हेराफेरी पहले भी होती थी, लेकिन इसके मामले बहुत कम होते थे और अधिकतर मामलों में धोखाधड़ी करने वाले पकड़े जाते थे, लेकिन साइबर अपराधी बिल्कुल निरंकुश दिख रहे हैं।

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि साइबर ठग पुलिस से दो कदम आगे हैं। एक ऐसे समय जब आनलाइन बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन का चलन बढ़ता जा रहा है, तब साइबर ठगी पर प्रभावी अंकुश न लग पाना गंभीर चिंता की बात है। सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा कि साइबर अपराधों की छानबीन करने वाली पुलिस और अन्य एजेंसियां तकनीकी कौशल में कहीं अधिक समर्थ बनें। अभी वे डाल-डाल हैं तो साइबर ठग पात-पात। वे इतने शातिर हैं कि अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग भी उनकी चपेट में आ जा रहे हैं।

## विशेष आलेख

# रूस में जयशंकर, चाईना में डोभाल, जापान में पियूष गोयल ने संभाला मोर्चा

## आखिर क्या है मोदी का मिशन?

**भारत की कूटनीति इस समय तीन अलग-अलग राजधानियों में एक साथ अपनी बिसात बिछा रही है। मॉस्को में रूस के साथ ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने की कोशिश; बीजिंग में चीन के साथ सबसे संवेदनशील सीमा विवाद को संभालते हुए रिश्तों को स्थिर करने की कवायद और टोक्यो में जापानी पूंजी, तकनीक और विनिर्माण को भारत की विकास गाथा से जोड़ने का अभियान। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की ये यात्राएं बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की बहुस्तरीय रणनीति की तीन परस्पर जुड़ी हुई चालें हैं।**

### जयशंकर का रूस दौरा

सबसे पहले मॉस्को यात्रा की बात करें तो आपको बता दें कि जयशंकर की दो दिवसीय रूस यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत पर अमेरिकी टैरिफ और रूसी ऊर्जा खरीद को लेकर दबाव बढ़ा हुआ है। मॉस्को में वह रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव के साथ भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग यानि इन्टरगवर्नमेंटल कमीशन की 27वीं बैठक की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत-रूस व्यापार 2024-25 में रिकॉर्ड 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि भारतीय निर्यात केवल 4.88 अरब डॉलर रहा। यानी व्यापार तेजी से बढ़ा है, मगर संतुलन भारत के पक्ष में नहीं है। इसलिए नई दिल्ली अब केवल रूसी तेल खरीदने वाले साझेदार की भूमिका से आगे बढ़कर बाजार पहुंच, निवेश, भुगतान व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी के सवालों को केंद्र में ला रही है।

भारत और रूस ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर, नॉर्दर्न सी रूट और चेन्नई-व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर जैसे विकल्पों का महत्व बढ़ जाता है। यह रणनीति दर्शाती है कि भू-राजनीतिक दबाव के बावजूद भारत अपने पुराने, परखे हुए रणनीतिक साझेदार के साथ ऊर्जा, रक्षा, व्यापार और संपर्क के विकल्प खुले रखना चाहता है। यह यात्रा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अगले महीने संभावित भारत यात्रा से पहले भी हो रही है, जिससे इसकी राजनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।

### अजित डोभाल का चीन दौरा

उधर, मॉस्को में भारत साझेदारी को मजबूत कर रहा है, तो बीजिंग में उसकी प्राथमिकता सीमा विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों को सुलझाने में लगी हुई है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल 25वें भारत-चीन विशेष प्रतिनिधि संवाद के लिए चीन के दौरे पर हैं, जहां उनकी मुलाकात चीन के विदेश मंत्री वांग यी से होनी है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2003 में शुरू किया गया यह तंत्र लगभग 3,488 किलोमीटर लंबे सीमा विवाद के राजनीतिक समाधान के लिए बनाया गया था। 25 दौर की बातचीत के बावजूद अंतिम समाधान दूर है, लेकिन दोनों देश इसे तनाव नियंत्रित करने और संवाद बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम मानते हैं। खासकर 2020 के बाद सीमा पर पैदा हुई गंभीर स्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत-चीन संबंधों का भविष्य केवल व्यापार या राजनीतिक संपर्क से तय नहीं होगा।

जयशंकर का संदेश भी इसी रणनीतिक सोच को रेखांकित करता है। यानि सीमा पर शांति और स्थिरता, अच्छे संबंधों की पूर्व शर्त है। देखा जाये तो डोभाल की यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब दोनों पक्ष तनाव कम करने और संबंधों को सामान्य बनाने के लिए कुछ कदम उठा रहे हैं, लेकिन सीमा का प्रश्न अब भी निर्णायक है। बातचीत का उद्देश्य केवल विवाद को प्रबंधित करना नहीं, बल्कि उस राजनीतिक जगह को तैयार करना भी है जिसमें भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच आगे संवाद संभव हो सके। साथ ही डोभाल की यात्रा भी ऐसे समय हो रही है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अगले महीने भारत का दौरा लगभग तय माना जा रहा है।

### पीयूष गोयल का जापान दौरा

इसके अलावा, तीसरा मोर्चा टोक्यो में खुलता है, जहां पीयूष गोयल 200 सदस्यीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान पहुंचे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल टोक्यो, नागोया और ओसाका में सरकारों और उद्योग जगत के साथ बैठकों के जरिए निवेश, व्यापार और तकनीकी सहयोग को नई दिशा देने की कोशिश करेगा। हम आपको बता दें कि भारत की नजर केवल अधिक जापानी निवेश पर नहीं है। लक्ष्य कहीं बड़ा है। लक्ष्य यह है कि जापानी कंपनियां भारत में केवल बेचें नहीं, बल्कि निर्माण करें, डिजाइन करें, नई तकनीक विकसित करें और भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में इस्तेमाल करें। सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत विनिर्माण और नई प्रौद्योगिकियां इस अभियान के प्रमुख क्षेत्र हैं। हम आपको बता दें कि जापान ने भारत में एक दशक के दौरान 10 ट्रिलियन येन निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत अब चाहता है कि इस दशक के अंत तक देश में सक्रिय जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी हो। नागोया की औद्योगिक और ऑटोमोबाइल क्षमता, टोक्यो की वित्तीय एवं तकनीकी ताकत और ओसाका के नवाचार तंत्र के साथ भारत अपने विनिर्माण भविष्य की नई साझेदारी तलाश रहा है।

मॉस्को, बीजिंग और टोक्यो की इन तीन यात्राओं को एक साथ देखें तो भारत की रणनीति स्पष्ट दिखाई देती है। रूस से ऊर्जा और रणनीतिक स्वायत्तता; चीन से सीमा तनाव को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा संतुलन; और जापान से पूंजी, तकनीक तथा वैश्विक सप्लाई चेन में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करना। यही भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती भी है। यानि किसी एक धुरी का हिस्सा बने बिना सभी महत्वपूर्ण धुरियों के साथ अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार संबंध चलाना। दुनिया जब व्यापार युद्धों, टैरिफ, युद्धों, सप्लाई चेन संकट और महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा से गुजर रही है, तब भारत तीन अलग-अलग राजधानियों में तीन अलग भाषाओं में, लेकिन एक ही संदेश के साथ बात कर रहा है। भारत स्पष्ट कर रहा है कि वह साझेदारी करेगा, दबाव में नहीं झुकेगा; संवाद करेगा, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृष

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मिथुन

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### सिंह

संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### कन्या

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### तुला

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

### वृश्चिक

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### धनु

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

### मकर

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### कुंभ

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# इन कारणों से पुरुषों के लिए जरूरी है स्किन टोनर

**पुरुष, महिलाओं की तुलना में अपने स्किन केयर रूटीन पर कम ध्यान देते हैं। इसकी वजह से उनकी स्किन ज्यादा सख्त और खराब हो सकती है। ऐसे में पुरुषों के लिए जरूरी है कि वो अपने स्किन केयर रूटीन में उन चीजों को शामिल करें जो कि त्वचा को साफ, सुंदर और सुरक्षित रखे। स्किन टोनर कुछ ऐसा ही काम करते हैं। दरअसल, टोनर आमतौर पर छिद्रों की उपस्थिति को कम करने, त्वचा की टोनिंग करने यानी कि अंदर से कसने और तेल और गंदगी को हटाने वाले होते हैं। टोनर अकेले क्लीन्जर की तुलना में गंदगी, तेल और अशुद्धियों को अधिक कुशलता से साफ करने में मदद करते हैं। साथ ही ये त्वचा को पर्यावरणीय नुकसानों से से सुरक्षित रखते हैं। इसलिए पुरुषों को भी अपने स्किन केयर रूटीन में स्किन टोनर को शामिल करना चाहिए।**

### स्किन की सफाई के लिए

स्किन के लिए स्किन टोनर वैसे तो कई तरह से काम करते हैं पर सबसे पहले ये त्वचा की डीप क्लींजिंग का काम करता है। ये पोर्स के अंदर तक जा कर त्वचा को साफ करता है और इसे अंदर से शांत करता है। इस तरह ये रेडनेस को कम करता है और आपकी स्किन को अंदर से स्वस्थ रखने में मदद करता है। इस वजह से आपकी त्वचा रिफ्रेश और अंदर से ग्लो करती है। इतना ही नहीं ये ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए भी फायदेमंद है। दरअसल, जब आप अपने ऑयली स्किन के लिए स्किन टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो, ये स्किन के अंदर से गंदगी और अतिरिक्त ऑयल की सफाई करता है। इससे स्किन साफ रहती है और ऑयल का प्रॉडक्शन कम हो जाता है।

### त्वता को मॉइस्चराइज करने के लिए

फेस टोनर त्वचा में नमी को लॉक करने में मदद करता है। इस वजह से आपकी त्वचा अंदर से मॉइस्चराइज रहती है। दरअसल, टॉनर में कुछ हेम्यूकटेंट्स होते हैं, जो कि पोर्नस के अंदर जा कर त्वचा को नमी पहुंचाने का काम करते हैं। इसके अलावा जिनकी त्वचा ड्राई है उनके लिए भी ये बेहद फायदेमंद है। ये ड्राई स्किन को अंदर से नरिश करने का काम करती है और त्वचा में लंबे समय तक नमी बनाए रखने में मदद करती है। इसलिए पुरुषों के लिए स्किन टोनर बहुत ही फायदेमंद है।

### त्वचा पर दिखने वाले पोर्स को कम करने के लिए

फेस टोनर त्वचा पर दिखने वाले पोर्स को कम करने का काम करता है। पुरुषों में त्वचा के पोर्स ऐसे भी बड़े-बड़े होते हैं और दाढ़ी साफ करने पर नजर आते हैं। ऐसे में इसे लगाना त्वचा को साफ करने में मदद करता है। फेस टोनर लगाने के लिए एक नरम कॉटन बॉल या पैड पर थोड़ी मात्रा में टोनर लगाएं और धीरे से अपने चेहरे को पोंछें। इससे तेल निकल जाएगा और आपको महसूस होगा कि आपके पोर्स थोड़े छोटे नजर आ रहे हैं।

### पॉल्यूशन से बचाव के लिए

फेस टोनर त्वचा से हानिकारक तत्वों को साफ करने में मदद करता है। ये त्वचा को ऑक्सीडेटिव तनाव और फाइन रेडिकल्स से बचाता है। इसके अलावा ये झुर्रियों को कम करने में मदद करता है और त्वचा की टोनिंग में मदद करता है। इससे त्वचा में अंदर लोचपन आता है और आप समय से पहले बूढ़ा दिखने से बच जाते हैं। इसलिए त्वचा को लंबे समय तक अंदर से जवान बनाए रखना चाहते हैं तो, फेस टोनर का इस्तेमाल जरूर करें।

# अंडा और मछली खाए बिना शाकाहारी तरीके से घटाएं अपना वजन

आपके शाकाहारी होने के अलग अलग कारण हो सकते हैं जैसे अपनी संस्कृति और धर्म का पालन करना, आपका कोमल हृदय जो जानवरों को मार कर खाने की अनुमति नहीं देता आदि। कुछ शाकाहारी परिवारों में अंडों का भी सेवन नहीं किया जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि केवल शाकाहारी डाइट के माध्यम से वजन कम कर पाना काफी मुश्किल होता है क्योंकि इसमें आपको अधिक पोषण नहीं मिल पाता। यही नहीं प्रोटीन आदि के स्रोत भी बहुत कम होते हैं। आपको बता दें कि यह धारणा पूरी तरह से गलत है क्योंकि काफी सारी डाइट ऐसी उपलब्ध हैं जिसमें आपको पर्याप्त पोषण मिल सकता है और वह पूरी तरह से शाकाहारी भी हैं। यह डाइट आपका वजन कम करने में मदद कर सकती हैं।

**लैक्टो वेजिटेरियन डाइट :** इस डाइट में पेड़ पौधों से मिलने वाले खाद्य पदार्थ और दूध जैसे डेयरी उत्पादों का सेवन करना शामिल होता है। आप चाहें तो आइस क्रीम का भी सेवन कर सकते हैं। इसमें आपको अंडे और मीट मछली नहीं खाना। इस डाइट में आम तौर पर दही, दूध, छाछ, चीज़, पनीर आदि को शामिल किया जाता है।

**ओवो वेजिटेरियन डाइट :** इस डाइट में आपको अंडों का सेवन करना होता है। लेकिन डेयरी उत्पादों से दूरी बना कर रखनी होती है। इसमें आपको हर एक डेयरी प्रोडक्ट को अपनी डाइट से हटाना होगा और अंडों से बनने वाली चीजों जैसे ऑमलेट, उबले हुए अंडे आदि का सेवन करना होगा।

**लैक्टो ओवो वेजिटेरियन डाइट :** यह एक वह डाइट होती है जिसमें अंडे भी शामिल होते हैं और दूध जैसी डेयरी उत्पाद भी। केवल इसमें मीट जैसे नॉन वेज आइटम शामिल नहीं होते हैं। पोल्ट्री आदि भी इस डाइट में शामिल नहीं होती है। केवल दूध, चीज़, पनीर, दही, छाछ, अंडे आदि को आप खा सकते हैं।

**वेगन डाइट :** यह डाइट इन दिनों काफी प्रसिद्धि पा रही है। इस डाइट में पशुओं से मिलने वाले किसी भी पदार्थ का सेवन नहीं करना होता है फिर चाहे वह दूध हो या फिर अंडे। यह डाइट पूरी तरह से शुद्ध शाकाहारी होती है। इसमें आपको केवल पौधों से मिलने वाली चीजें और नट आदि का ही सेवन करना होता है।

### इन खाद्य पदार्थों को करें अपनी डाइट में शामिल

**कॉम्प्लेक्स कार्ब :** होल ग्रेन, स्टार्च से युक्त सब्जियां, फल, नट, दाल, बींस आदि इस डाइट का एक उदाहरण होते हैं।

**हाई फाइबर से युक्त सब्जियां :** अपनी आधी प्लेट को फाइबर से भरपूर सब्जियों से भर लें जैसे हरी सब्जी, ब्रोकली, पालक, मशरूम ताकि आपका पेट काफी समय तक भरा रह सके।

**वेजिटेरियन प्रोटीन :** बींस, दूध और दूध से बनने वाली चीजें और अंडे अपनी डाइट में शामिल करें। इनमें प्रोटीन होता है और यह आपके वजन कम करने की प्रक्रिया की रफ्तार बढ़ाते हैं।

**पानी से भरपूर फल और सब्जी :** कुछ ऐसे फल और सब्जी जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो जैसे खीरा, खरबूज, कद्दू, आदि का सेवन भी जरूर करें। इनमें लो कार्ब होता है इसलिए स्नैक्स के रूप में भी इन फलों का प्रयोग आप कर सकते हैं।

**नट्स और सीड्स :** बादाम, अखरोट, पिस्ता जैसे नट्स और सूरजमुखी, अलसी और खरबूज के बीजों या सीड्स का सेवन भी जरूर करें।

### वेजिटेरियन डाइट खाने के क्या फायदे हैं

**कैंसर से बचाव :** कुछ शाकाहारी डाइट जैसे कि फल और सब्जियां आपके कैंसर की संभावना को कम करते हैं। साथ ही वजन कम करने में भी सहायक हैं।

**बीपी होता है कम :** शाकाहारी डाइट में पोटेशियम की मात्रा होती है और यह सबको मालूम है कि पोटेशियम हाइपरटेंशन को कम करने में सहायक है।

## नगर निकाय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव अभियान को गति देते हुए भाजपा नगर निकाय चुनाव कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया। कार्यालय का उद्घाटन विधायक प्रत्याशी करनी सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं निकाय चुनाव प्रभारी रामेश्वर प्रसाद गुर्जर, किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता व निकाय सह प्रभारी विशाल पार्थ एवं मंडल अध्यक्ष महंत गौतम दत्त शास्त्री के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए चुनाव प्रभारी रामेश्वर प्रसाद गुर्जर ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य संगठन को मजबूत करना और नगर निकाय में भाजपा का परचम लहराना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय, संगठन की शक्ति और टीम भावना के साथ प्रत्येक वार्ड में घर-घर संपर्क करें। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी नगर निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत करने और बहुमत के साथ भाजपा का बोर्ड बनाने का संकल्प लिया।

## वारदात की फिराक में घूम रहे दो कुख्यात चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए वारदात की फिराक में घूम रहे दो कुख्यात चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार दिन पहले एसएमएस थाना क्षेत्र से चोरी हुई बाइक और एक अवैध धारदार छुरी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए वारदात की फिराक में घूम रहे सागर सैनी उर्फ मोंटी निवासी गुर्जर की थड़ी, मानसरोवर हाल जवाहर नगर और वासु परसौमा निवासी बजाज नगर हाल गुर्जर की थड़ी मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। आरोपित सैनी उर्फ मोंटी के खिलाफमानसरोवर और रामनगरिया थानों में चोरी व अन्य अपराधों के 10 से अधिक मामले दर्ज हैं और दूसरे आरोपी वासु परसौमा के खोह नागोरियान, मालवीय नगर, ज्योति नगर, बजाज नगर, प्रताप नगर, शिवदासपुरा और महेश नगर थानों में चोरी के 8 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। दोनों के खिलाफजयपुर के विभिन्न थानों में चोरी सहित अन्य अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी कई मामलों में वारंटी और स्थायी वारंटी भी हैं। पूछताछ में शहर में हुई अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे की संभावना है।

## गर्ल्स कॉलेज में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** राजकीय महिला महाविद्यालय, तारानगर की एनएसएस इकाई के अंतर्गत पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को नॉट मी बट यू का संदेश दिया गया, जो निस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने सामाजिक विषयों पर आधारित आकर्षक पोस्टर एवं रंगोलियां प्रस्तुत की, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज सेवा जैसे विषय प्रमुख रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाषचन्द्र बोला द्वारा की गई। एनएसएस प्रभारी डॉ अंकिता के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एनएसएस के मूल उद्देश्यों को आत्मसात किया।

## जयपुर सेंट्रल जेल में चार विचाराधीन बंदियों के पास से मिले मोबाइल फोन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर सेंट्रल जेल में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान चार विचाराधीन बंदियों के पास से मोबाइल फोन बरामद किए गए। जेल प्रशासन की शिकायत पर लाल कोठी थाना पुलिस ने प्रिजन एक्ट की धारा 42 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल जेल के अंदर कैसे पहुंचे और इनका इस्तेमाल किन गतिविधियों में किया जा रहा था। सब इंस्पेक्टर श्याम सुंदर ने बताया कि जेल प्रहरी अनिल कुमार की ओर से मोबाइल बरामदगी को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। जेल में 22 अगस्त को दोपहर 12 से 1 बजे तक तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 4 की बैरकों में बंद विचाराधीन बंदियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वार्ड नंबर 4 की बैरक नंबर 1 में बंद विचाराधीन बंदी जुबैर के कब्जे से गुलाबी रंग का ए-26 मॉडल मोबाइल बरामद हुआ। इसी वार्ड की बैरक नंबर 3 की तलाशी में नमो नमो उर्फ नईमुद्दीन के कब्जे से सिल्वर रंग का ए-27 मॉडल मोबाइल बरामद किया गया। इसी बैरक में बंद योगेंद्र उर्फ योगराज सिंह के पास से गोल्डन रंग का ए-27 मॉडल मोबाइल फोन मिला। इसके अलावा वार्ड नंबर 7 की बैरक नंबर 5 में बंद विचाराधीन बंदी विकास भाकल के कब्जे से सिल्वर रंग का ए-27 मॉडल मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने चारों मामलों में प्रिजन एक्ट की धारा 42 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में मोबाइल फोन जेल के भीतर पहुंचने के तरीके और इनके इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं का पता लगाया जा रहा है।

# नोखा के दो पारीक परिवारों का समाज विकास के लिए भव्य एवं अनुकरणीय संकल्प

### शिक्षा, सेवा, संस्कार और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक पहल, सामाजिक परिसर में मंदिर निर्माण का संकल्प

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा (नवयत्न)।** बीकानेर की जयपुर रोड पर छः न्याति समाज की महत्वपूर्ण लोकेशन पर लगभग पांच बीघा विशाल भूखंड में एक भव्य, बहुआयामी एवं दूरदर्शी सामाजिक परिसर का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। यह परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, संस्कार, रोजगार, सामाजिक गतिविधियों और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है। संस्थान के महामंत्री ओंकारमल शर्मा ने बताया कि विशाल भूखंड पर प्रथम चरण में लगभग 120 गुणा 140 वर्गफीट क्षेत्रफल में आठ मंजिला भव्य भवन का निर्माण कार्य जारी है। इसमें अतिथि निवास के 25 कमरे, छात्रावास के 125 कमरे, 7 डॉरमेट्री तथा दो विशाल हॉल सहित विभिन्न सामाजिक एवं उपयोगी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

#### शिक्षा को समर्पित होगा दूसरा चरण

परिसर के दूसरे चरण में लगभग 105.4 गुणा 140 क्षेत्रफल में छह मंजिला शैक्षणिक ब्लॉक प्रस्तावित है। इसमें संस्कृत पाठशाला, विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की कोचिंग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित आधुनिक शैक्षणिक गतिविधियां, एआई, कोडिंग तथा स्किल डेवलपमेंट सेंटर जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। यह पहल महज भवन निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कारों से जोड़ते हुए आधुनिक शिक्षा, तकनीक एवं रोजगारपरक कौशल से सशक्त बनाने की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है।

#### सामाजिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अनूठा मॉडल

परिसर में लगभग 120 गुणा 106.6 क्षेत्रफल में सात मंजिला व्यावसायिक ब्लॉक का भी निर्माण प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य सामाजिक संस्था को स्थायी एवं मजबूत आर्थिक आधार उपलब्ध कराना है। व्यावसायिक गतिविधियों से प्राप्त आय का उपयोग तहसील मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक केंद्रों के संचालन में किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से संस्था को नियमित आय का स्रोत उपलब्ध होने की संभावना है। भविष्य में इससे वार्षिक आय करोड़ों रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में यह परिसर सामाजिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अनुकरणीय और अभिनव मॉडल बन सकता है।

#### सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका

विशेष उल्लेखनीय है कि अशोक पारीक एवं पवनकुमार पारीक विप्र फाउंडेशन में राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने के साथ-साथ छः न्याति ब्राह्मण महासंघ की सामाजिक गतिविधियों में भी निरंतर सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभा रहे हैं। पारीक परिवारों द्वारा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए किए जा रहे इन प्रयासों को समाज में सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

#### 26 अगस्त को भामाशाह सम्मान एवं संरक्षक बैठक

महासंघ के महामंत्री ओंकारमल शर्मा ने बताया कि 26 अगस्त को महासंघ की भूमि पर भामाशाह सम्मान एवं संरक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा होंगे जबकि अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक पारीक करेंगे। कार्यक्रम में विधायक ताराचंद सारस्वत, विधायक जेठानंद व्यास, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ बीडी कल्ला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया का सानिध्य प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीधर शर्मा, बरपेटा रोड, असम, सत्यनारायण भारद्वाज, ओमप्रकाश जोशी एवं हरिगोपाल उपाध्याय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम महासंघ की भूमि पर सायं 5 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक महासंघ के पवनकुमार पारीक, नोखा होंगे।

#### नोखा के पारीक परिवारों ने लिया मंदिर निर्माण का संकल्प

इसी विशाल परिसर के जयपुर रोड स्थित उत्तर-पूर्वी कॉर्नर पर गांधी चौक नोखा के पारीक बंधुओं ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित श्रीहनुमानजी एवं भगवान श्रीपरशुरामजी के भव्य मंदिरों के निर्माण का संकल्प लिया है। दोनों मंदिरों के निर्माण पर लगभग 14 लाख रुपये की लागत आने की बात कही गई है और निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक पारीक ने अपने पूज्य माता-पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल एवं स्वर्गीय गीता देवी पारीक की पावन स्मृति में भगवान श्रीपरशुराम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया है। वहीं विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवनकुमार पारीक ने अपने स्वर्गीय पिता बजरंग लाल पारीक की स्मृति में श्रीहनुमान मंदिर के निर्माण का संकल्प लेकर उसे मूर्त रूप दिया है। दोनों संकल्प केवल मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि माता-पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने, सनातन संस्कारों के संरक्षण तथा समाज के प्रति सेवा और समर्पण की भावपूर्ण अभिव्यक्ति हैं।

#### यह केवल भवन नहीं, आने वाली पीढ़ियों का भविष्य

बीकानेर की धरती पर आकार ले रहा यह विशाल परिसर समाज की सामूहिक सोच, भामाशाहों के समर्पण और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक बन रहा है। शिक्षा से संस्कार, संस्कार से सेवा और सेवा से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ता यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसी विरासत तैयार करने की ओर कदम है, जिस पर पूरा समाज गर्व कर सके। नोखा के पारीक परिवारों द्वारा मंदिर निर्माण के इन अनुकरणीय संकल्पों ने इस सामाजिक परिसर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावना को भी मजबूती प्रदान की है। समाज के विकास, शिक्षा, सेवा और संस्कार के लिए किए जा रहे ऐसे समर्पण निश्चित रूप से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

## निकाय चुनाव से पहले पुलिस का बड़ा एक्शन, 50 हजार 662 वाहनों की जांच

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** निकाय चुनाव से पहले राजस्थान पुलिस ने अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रदेशभर में 929 स्थानों पर विशेष नाकाबंदी कर 50 हजार 662 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट में 9,421 कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था वीके सिंह ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान वाहन चालकों के लाइसेंस, दस्तावेज और नंबर प्लेट की जांच के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और तस्दीक की गई। पुलिस ने चोरी के वाहनों, अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर भी नजर रखी। इस नाकाबंदी में 27,397 दुपहिया और 23,265 चौपहिया वाहनों की जांच हुई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 2,685, बिना सीट बेल्ट 987 और शराब पीकर वाहन चलाने वाले 345 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं अस्पष्ट, निर्धारित पैटर्न से अलग या बिना नंबर प्लेट वाले 779 वाहनों, काली फिल्म लगे 741 वाहनों और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले 171 चालकों पर भी कार्रवाई हुई। पुलिस ने आबकारी, आर्म्स, एनडीपीएस, लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत 75 एफआईआर दर्ज कर 81 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं धारा 170 बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई में 205 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 37 वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियार भी बरामद किए।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य निकाय चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराना और आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना है। अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर राजस्थान पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति आगे भी जारी रहेगी।

## चित्रकला और राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शांतिदेवी कंदोई बालिका विद्यालय में चित्रकला और राखी बनाओ प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया। शारीरिक शिक्षक सरोज के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यालय की कक्षा 9 से 12 की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। संस्था प्रधान विश्वनाथ भाटी ने बताया कि निकाय चुनावों के मध्यनजर विद्यालय में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## 400 से अधिक पुलिसकर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जयपुर पूर्व पुलिस की ओर से मंगलवार को पुलिस उपायुक्त कार्यालय के सभागार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। डीजीपी-आईजीपी पुलिस सम्मेलन-2024 की सिफारिश संख्या-12 की अनुपालना तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के दो वर्षीय कार्यक्रमों के तहत आयोजित शिविर में 400 से अधिक पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का आयोजन पुलिस आयुक्तालय के सीएसआर साझेदार संस्थानों और मेट्रो मास हॉस्पिटल, मानसरोवर के सहयोग से किया गया। अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों और विशेषज्ञों की टीम ने पुलिसकर्मियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चिकित्सकीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित खान-पान रखने और दैनिक दिनचर्या में आवश्यक सुधार करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्वास्थ्य जांच के दौरान जिन पुलिसकर्मियों को आगे की जांच या उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें चिकित्सकों ने आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने चिकित्सा शिविर में सहयोग के लिए मेट्रो मास हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम और सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का स्वस्थ रहना उनकी कार्यक्षमता और कर्तव्य निर्वहन की क्षमता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नियमित स्वास्थ्य देखभाल और समय पर चिकित्सकीय परामर्श बेहतर स्वास्थ्य के साथ प्रभावी पुलिसिंग के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जयपुर पूर्व पुलिस की ओर से पुलिसकर्मियों के कल्याण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## राजीनामे के बहाने बुलाकर दो भाइयों पर चाकू से हमला, 22 वर्षीय एक युवक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विद्याधर नगर थाना इलाके में पुराने विवाद को लेकर सोमवार देर रात राजीनामे के लिए बुलाए गए दो भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले में 22 वर्षीय शाकिर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उसका बड़ा भाई कय्यूम भी चाकू लगने से घायल हुआ है। शाकिर की करीब दस दिन पहले ही संतान हुई थी। वारदात के बाद इलाके में देर रात तक हंगामा रहा और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में चाकूबाजी से दहशत फैल गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कुछ युवकों को हिरासत में लिया है जबकि मुख्य आरोपी भट्टा बस्ती निवासी रफीक की तलाश की जा रही है। विद्याधर नगर थानाधिकारी सज्जन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच रविवार को शराब पीने के दौरान झगड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच रुपए के लेनदेन को लेकर पुराना विवाद भी चल रहा था।

इसी विवाद को निपटाने और राजीनामे के लिए सोमवार रात कय्यूम को विद्याधर नगर मंदिर रोड स्थित मोड़ पर बुलाया गया था। घायल कय्यूम के अनुसार वह पहले अकेला मौके पर पहुंचा था। वहां पांच-छह युवक मौजूद थे, जिनमें कुछ गाड़ियों पर बैठे थे। स्थिति को देखते हुए उसने अपने छोटे भाई शाकिर को भी मौके पर बुला लिया। दोनों के पहुंचने के बाद बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवकों ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। शाकिर की जांघ पर चाकू से वार किया गया, जबकि कय्यूम को भी चाकू लगा। हमले में शाकिर का काफी खून बह गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल ले जाया गया। शाकिर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन रात करीब ढाई बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एसीपी शास्त्री नगर दिलीप कुमार मीणा ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

विवाद की शुरुआत किस बात को लेकर हुई और चाकूबाजी में कौन-कौन लोग शामिल थे, इसका पता जांच के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में रुपए के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद सामने आया है। शाकिर की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

परिजनों के अनुसार शाकिर के घर में करीब दस दिन पहले ही बेटे का जन्म हुआ था। परिवार को क्या पता था कि नवजात के जन्म की खुशियां कुछ ही दिनों में मातम में बदल जाएंगी।

## जिला स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट आज

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोज्य अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2026 के अन्तर्गत चूरू जिला स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में होगी। प्रतियोगिता संयोजक नरेन्द्र सांकृत्य ने बताया कि जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के सौजन्य से अणुव्रत समिति द्वारा आयोज्य इस प्रतियोगिता में वो प्रतिभाएं भाग लेगी जिन्होंने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु ऑन लाइन पंजीकरण करवा दिया है। आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम स्वरूप प्रदान करने के लिए मंगलवार को आयोजन स्थल पर हुई बैठक में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास, सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य, प्राचार्य शरद कुमार शर्मा, दौलतराम दायमा, राकेश कुमार नायक, डूंगरराम प्रजापत आदि उपस्थित रहे। स्थानीय तेरापंथ भवन में सुबह 9 बजे से प्रारंभिक प्रक्रिया सम्पन्न कर सभी टीमें आयोजन स्थल संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में पहुंचेगी जहां समूह गान, एकल गीत, भाषण, निबंध, चित्रकला और कविता प्रतियोगिता होगी। हमारी ताकत, हमारा परिवार थीम पर आधारित इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी आगे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शामिल होंगे।

# मानसून में नवजात बच्चे की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अपनाएं ये टिप्स, बच्चा रहेगा हेल्दी

मानसून का मौसम में कभी गर्मी और बारिश के कारण वायरल बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस मौसम में शरीर को खास देखभाल की जरूरत होती है। वहीं अगर बात नवजात बच्चे की जाएं, तो उनकी इम्यूनिटी काफी कमजोर होती है। ऐसे में मानसून में होने वाली वायरल बीमारियां उन्हें आसानी से अपनी चपेट में ले सकती हैं। इस मौसम में छोटे बच्चों और नवजात बच्चे की खास देखभाल करें। जिससे वह हेल्दी रह सकें। इस मौसम मे पानी जमा होने के कारण उसमें मच्छर भी काफी तेजी से पनपते हैं। बच्चों को इन मच्छरों से भी बचाकर रखना आवश्यक होता है। वहीं इस मौसम में नवजात को सर्दी, खांसी और निमोनिया जैसे सामान्य वायरल संक्रमण का भी डर बना रहता है। ऐसे में मानसून में कोशिश करें कि बच्चों की इम्यूनिटी बढाएं।

### स्तनपान कराएं

अगर बच्चे की उम्र 6 महीने से कम हैं, तो कोशिश करें कि केवल उसको स्तनपात कराएं। संक्रमणों को रोकने और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है क्योंकि मां का दूध पोषक तत्वों से भरपूर होता है। वहीं अगर आपने बच्चों को खाना देना शुरू किया है, तो डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करें। जिनसे बच्चे की इम्यूनिटी बढ़ सकें।

### साफ-सफाई का ध्यान रखें

मानसून में कई बीमारियां साफ-सफाई का ध्यान न रखने की वजह से होती है। ऐसे में कोशिश करें कि बाहर से आने के बाद हाथ धोएं। उसके बाद ही बच्चों को हाथ लगाएं। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए आसपास पानी जमा न होने दें। वहीं बच्चों को मच्छरों से बचाने के लिए फुलस्लीव्स के कपड़े भी पहनाएं।

### बाहर जाने से बचें

मानसून के मौसम में बारिश के कारण हर जगह काफी नमी हो जाती है। ऐसे में कोशिश करें कि इस दौरान बच्चों को बाहर लेकर न जाएं। बच्चों को भीड़भाड वाली जगह पर ले जाने से वायरल इंफेक्शन हो सकता है। वहीं जिन जगहों पर ज्यादा घास उगी हुई हो, वहां भी बच्चों को न लेकर जाएं क्योंकि ऐसी जगहों पर मच्छरों के काटने का डर रहता है।

### बच्चे को ड्राई रखें

मानसून के मौसम में बच्चे जल्दी बीमार हो जाते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि शिशु को ड्राई ही रखें। बच्चों के कपड़ों को तेज धूप में सुखाएं। अगर धूप कम है, तो शिशु को कपड़े पहनाने से पहले हल्का सा प्रेस भी कर सकते हैं। ऐसा करने से कपड़ों में मौजूद नमी दूर होगी। शिशु के डाइपर जल्दी बदलें। लंबे समय तक एक ही डाइपर पहनाने से शिशु को इंफेक्शन होने के साथ ठंड भी लग सकती है।

### मीट

आप खाने में मीट या चिकन दें, तो इससे शरीर में जिंक, आयरन, प्रोटीन आदि की पूर्ति होगी और बच्चे का इम्यूनिटी बेहतर होने में मदद मिलेगी।

### खट्टे फल यानी सिट्रस फ्रूट्स

दरअसल खट्टे फलों यानी कि सिट्रस फ्रूट्स में भरपर विटामिन-सी से होता है, जो इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाने का काम करता है। इसके लिए आप बच्चों को ब्रेकफास्ट में अंगूर, नींबू, संतरा, बेरीज़, अमरूद आदि दें।

### दही

दही एक प्रोबायोटिक फूड है, जो गट में मौजूद गुड बैक्टीरिया को स्ट्रॉन्ग बनाने में मदद करता है। ये डाइजेशन सिस्टम के लिए भी अच्छा होता है। आप बच्चों को खाने के साथ दही देंगे, तो उनकी इम्यूनिटी अच्छी रहेगी।

### ड्राई फ्रूट्स और सीड्स

आपको बता दें कि ड्राई फ्रूट्स में जिंक, आयरन, विटामिन-ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड्स आदि भरपूर मात्रा में होते हैं, जो किसी भी तरह के इंफेक्शन को बढ़ने से रोकते हैं। ऐसे में आप बच्चों को सुबह-सुबहड्राई फ्रूट्स ज़रूर खिलाएं।

### नारियल पानी

नारियल पानी में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अच्छा होता है। आप बच्चों को नारियल पानी पिला सकते हैं।

### अंडा

आप अपने बच्चे को अगर रोज एक अंडा खाने को देंगे, तो उनके शरीर में प्रोटीन इंटेक अच्छा रहेगा और कई बीमारियां दूर रहेंगी। बच्चे को उबले या पोच्ड एग्स दें, तो बेस्ट होगा।

### मछली

अगर आप बच्चे को मछली देते हैं, तो इससे उनके शरीर में ओमेगा 3 फैटी एसिड की जरूरत आसानी से पूरी होगी और उनका इम्युन सिस्टम स्ट्रॉन्ग होगा।

# चेहरे के डार्क पैचेज मिटाने के लिए लगाएं तुलसी से बने ये फेस पैक, दूर होंगे दाग-धब्बे

हम सभी को त्वचा से जुड़ी तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। स्किन पैचेज की समस्या भी इनमें से एक है। स्किन पैचेज या दाग चेहरे की खूबसूरती को कम कर देती है। ऐसे में अक्सर लोग पैचेज मिटाने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ये प्रोडक्ट्स काफी महंगे हो सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नेचुरल तरीकों से भी स्किन पैचेज को मिटा सकते हैं। तुलसी, स्किन पैचेज मिटाने के लिए एक असरदार उपाय साबित हो सकता है। अगर आपके चेहरे पर भी पैचेज हो गए हैं, तो आप तुलसी का इस्तेमाल कर सकते हैं। तुलसी, स्किन के दाग मिटाने में मदद कर सकता है। वैसे तो आप तुलसी की पत्तियों को पीसकर ही चेहरे पर लगा सकते हैं। लेकिन आप चाहें तो तुलसी में नीम, गुलाब जल, मुल्तानी मिट्टी आदि मिलाकर भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे आपको ज्यादा फायदा मिलेगा।

### तुलसी और नीम की पत्तियों का फेस पैक

चेहरे के पैचेज मिटाने के लिए आप तुलसी और नीम की पत्तियों से बना फेस पैक अप्लाई कर सकते हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए आप तुलसी और नीम की पत्तियों को बारीक पीस लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। चेहरे के काले दाग मिटाने के लिए आप तुलसी और नीम के पेस्ट को सप्ताह में 1-2 बार लगा सकते हैं।

### तुलसी और बेसन फेस पैक

चेहरे के पैचेज मिटाने के लिए आप तुलसी और बेसन से बना फेस पैक भी अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप तुलसी की पत्तियों को पीस लें। इसमें बेसन और शहद मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। बेसन सीबम के उत्पादन को कम करता है, इससे ऑयली स्किन से छुटकारा मिलता है। शहद में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे त्वचा की सूजन कम होती है। साथ ही, दाग-धब्बे और एक्ने से भी छुटकारा मिलता है।

### तुलसी-मुल्तानी मिट्टी फेस पैक

स्किन पैचेज मिटाने के लिए आप तुलसी और मुल्तानी मिट्टी फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप तुलसी की पत्तियों को बारीक पीस लें। अब इसमें मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल मिलाएं। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। जब पेस्ट सूख जाए, तो चेहरे को पानी से धो लें। तुलसी में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंहासों को दूर करते हैं। तुलसी और मुल्तानी मिट्टी चेहरे के पैचेज को कम करने में मदद करते हैं।

### तुलसी और टमाटर

अगर आपके चेहरे पर पैचेज हो गए है, तो आप तुलसी और टमाटर के गूदे का फेस पैक अप्लाई कर सकते हैं। टमाटर में मौजूद गुण त्वचा के दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करते हैं। टमाटर चेहरे पर नेचुरल चमक लाता है। इसके लिए आप टमाटर का गूदा निकाल लें। अब इसमें तुलसी की पत्तियों का पेस्ट डालें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से अच्छी तरह से धो लें।

# इन कारणों से बढ़ सकती है ब्लोटिंग की समस्या भूलकर भी न करें नजरअंदाज

कुछ लोगों को सुबह उठते ही पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगती है। ऐसे में पेट भरा हुआ महसूस होना, बैचेनी होना, पेट दर्द और अपच की समस्याएं होने लगती हैं। कभी-कभार कुछ भारी खाने के कारण ये समस्याएं होती हैं लेकिन अगर आपको अक्सर ये समस्याएं होती हैं, तो आपको ध्यान देने की जरूरत हो सकती है। इस समस्या को ब्लोटिंग कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति को पेट फूलना, एसिडिटी, पेट में भारीपन और बैचेनी होने जैसी परेशानियां होने लगती हैं। हमारी दिनचर्या की कुछ गलतियां ब्लोटिंग का कारण बनने लगती हैं जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं।

**ज्यादा तनाव लेना** - अगर आप अक्सर तनाव में रहते हैं, तो यह ब्लोटिंग का कारण बन सकता है। दरअसल, मानसिक स्वास्थ्य हमारे शारीरिक स्वास्थ्य से सीधी तौर पर जुड़ा होता है। इसलिए ज्यादा तनाव लेने से पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण आपको पेट फूलना, अपच, एसिडिटी जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

**खाने के बाद बैठे रहना** - खाने के बाद लंबे समय तक बैठे रहना या सो जाना भी ब्लोटिंग का कारण बन सकता है। इसके कारण खाना ठीक से पच नहीं पाता। जोअपच, पेट फूलना, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याओं का कारण बनने लगता है।

**कच्ची चीजों का ज्यादा सेवन** - कुछ लोगों को कच्ची सब्जियों के ज्यादा सेवन की आदत होती है। लेकिन ज्यादा कच्ची चीजों के सेवन से भी पाचन क्रिया पर असर पड़ सकता है। कच्ची सब्जियों में कार्ब्स की अधिक मात्रा होती है, इसके ज्यादा सेवन से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है। इसलिए इन चीजों के ज्यादा सेवन से परहेज रखना चाहिए।

**फूड इंटॉलरेंस** - फूड इंटॉलरेंस के कारण भी आपको ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। यह एक ऐसी समस्या है जिसमें शरीर कुछ खास खाद्य पदार्थों को नहीं पचा पाता है। दरअसल, यह एक तरह का इंफेक्शन होता है, जिसमें पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। जैसे कि आपने कोई ऐसी चीज खाई है जो कि आपका पेट पचा नहीं पा रहा है तो इससे आपके पेट में सूजन हो जाएगी और आप ब्लोटिंग महसूस करने लगेंगे।

**खाने के साथ ज्यादा पानी पीना** - काफी लोगों को खाने के बीच ज्यादा पानी पीने की आदत होती है। ऐसे में शरीर को खाना पचाने में ज्यादा समय लग सकता है। इसके कारण पेट दर्द, पेट फूलना, अपच जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए खाने से आधे घण्टे पहले या एक घण्टे बाद पानी का सेवन करें। जिससे पाचन दुरुस्त रहे और ब्लोटिंग की समस्या न हो।

**खाने को ठीक से न चबाना** - खाने को ठीक से न चबाने के कारण भी पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण खाना ठीक से पच नहीं पाता है जिससे ब्लोटिंग होने लगती है। इसके कारण खट्टी डकार आना, एसिडिटी होना, कब्ज रहने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए हर निवाले को कई बार चबाकर ही खाएं।

# पिगमेंटेशन दूर करने के लिए चेहरे पर लगाएं चावल के आटे से बने ये फेस मास्क, मिलेगी बेदाग त्वचा

चमकदार और बेदाग त्वचा सभी को पसंद होती है। लेकिन आज के समय में खराब लाइफस्टाइल,धूल- मिट्टी, प्रदूषण, पोषक तत्वों की कमी और तनाव के कारण त्वचा पर कील- मुहांसों के साथ पिगमेंटेशन की समस्या हो जाती हैं। पिगमेंटेशन त्वचा पर होने वाले दाग होते हैं, जिसे हाइपरपिगमेंटेशन भी कहा जाता है। यह आसानी से नहीं जाते हैं। पिगमेंटेशन होने से त्वचा बेजान से लगती है और चेहरे की चमक भी चली जाती है। अक्सर लोग पिगमेंटेशन को दूर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार मन मुताबिक रिजल्ट भी नहीं देते हैं। ऐसे में पिगमेंटेशन को दूर करने के लिए किचन में मौजूद चावल के आटे से बने फेस मास्क का इस्तेमाल किया जा सकता है। चावल का आटा त्वचा के लिए फायदेमंद होने के साथ कई समस्याओं को दूर करता है। इसमें मौजूद एंटीमाइक्रोबियल, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट्स सनटैन से बचाते हैं, बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करते है और स्किन को टाइट करने के साथ पिगमेंटेशन को दूर करते हैं।

### चावल का आटा और बेसन का फेस मास्क

**सामग्री :**

- 1 चम्मच- चावल का आटा
- 1 चम्मच- बेसन
- 1 चम्मच- मलाई
- 1/4 चम्मच- हल्दी

### चावल का आटा-बेसन का फेस मास्क बनाने का तरीका

चावल का आटा और बेसन का फेस मास्क बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने दें। उसके बाद चेहरे को पानी से वॉश करें। यह मास्क स्किन को अंदरूनी तौर पर चमकदार बनाने के साथ पिगमेंटेशन के दाग को हल्का करेगा।

### चावल का आटा और टमाटर का फेस मास्क

**सामग्री :**

- 1 चम्मच- चावल का आटा
- 1 चम्मच- गेंहू का आटा
- 3 चममच- टमाटर का रस

### चावल का आटा-टमाटर का फेस मास्क बनाने का तरीका

चावल का आटा और टमाटर का फेस मास्क बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट

के लिए लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को पानी से धोएं। यह मास्क पिगमेंटेशन को कम करने के साथ डार्क सर्कल्स को भी कम करेगा। यह मास्क डेड स्किन सेल्स को भी दूर करेगा।

### चावल का आटा और एलोवेरा का फेस मास्क

**सामग्री :**

- 2 चम्मच- चावल का आटा
- 1 चम्मच- एलोवेरा जेल

### चावल का आटा-एलोवेरा का फेस मास्क बनाने का तरीका

चावल का आटा और एलोवेरा का फेस मास्क बनाने के लिए दोनों चीजों को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से वॉश करें। यह मास्क पिगमेंटेशन को कम करने के साथ स्किन को साफ और चमकदार बनाएगा।

## फर्नीचर शोरूम में लगी आग, दमकल की पांच गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मालवीय नगर थाना इलाके में स्थित रस्तौगी फर्नीचर गैलरी में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। आग शोरूम की तीसरी मंजिल पर लगी, जहां सीतापुरा स्थित फैक्ट्री में तैयार होने वाला फर्नीचर स्टॉक करके रखा जाता था। आग की चपेट में आने से यहां रखा करीब 30 लाख रुपए का फर्नीचर जलकर राख हो गया। हालांकि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मालवीय नगर थानाधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि देर रात शोरूम की तीसरी मंजिल से आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने वहां रखे फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। शोरूम में फर्नीचर का स्टॉक होने के कारण आग तेजी से फैल गई और आसपास के इलाके में धुआं फैल गया। दमकल की करीब पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकलकर्मियों की मशक्कत के बाद रात करीब साढ़े 12 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग से शोरूम की तीसरी मंजिल पर रखा फर्नीचर पूरी तरह जल गया। प्रारंभिक तौर पर करीब 30 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस और दमकल विभाग की ओर से आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही आग से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आग लगने के पीछे का कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## संस्कृत विद्यालयों में भी विद्या सम्बल योजना लागू करने की मांग

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने राज्य के शिक्षामंत्री मदन दिलावर एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर संस्कृत शिक्षा विद्यालय शाखा के अधीन संचालित प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में भी विद्या सम्बल योजना अविलम्ब लागू करने की मांग की है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रहित एवं अध्यापन को दृष्टिगत रखते हुए सामान्य शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा कॉलेज विंग के महाविद्यालयों में विद्या सम्बल योजना लागू की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत रिक्त पदों पर नियमानुसार गेस्ट फैकल्टी को मानदेय के आधार पर विषय विशेषज्ञों तथा अनुभवी व्यक्तियों की नियुक्त किया जा रहा है। लेकिन बड़े खेद का विषय है कि संस्कृत शिक्षा विद्यालय शाखा के संस्कृत विद्यालयों में लगभग 45 प्रतिशत पद रिक्त चल रहे हैं। ओर प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों को प्राणवायु की तरह इस अतिमहत्वपूर्ण विद्या सम्बल योजना की मृतसंजीवनी की तरह आवश्यकता है। बावजूद इसके योजना अब तक लागू नहीं होना पीड़ादायक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ के प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि संगठन ने संस्कृत विद्यालयों में अविलम्ब विद्या सम्बल योजना लागू कर रिक्त पदों पर गेस्ट फैकल्टी लगाने के निवेदन के साथ शिक्षामंत्री व एसीएस को लिखे पत्र की प्रति मुख्यमंत्री सीएस एवं विभागीय उच्चाधिकारियों को भी भिजवायी है।

## राम नाम जाप और हनुमान चालीसा के साथ 19 सितंबर को रवाना होगी भन्दे बालाजी की पदयात्रा

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री भन्दे बालाजी की 41वीं पदयात्रा 19 सितंबर को निकाली जाएगी। यह पदयात्रा सुबह 8:15 बजे पुराने सोडाला थाने के सामने स्थित मंदिर से श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सान्निध्य में श्री भन्दे बालाजी धाम के लिए रवाना होगी। पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। यह पदयात्रा सामूहिक रूप से राम नाम जाप और हनुमान चालीसा का पाठ के निकाली जाएगी। आयोजन के अनुसार पदयात्रियों का 19 सितंबर को रात्रि विश्राम बड़ के बालाजी में होगा। 20 सितंबर को मध्य विश्राम बालाजी मंदिर, दहमी कलां में तथा रात्रि विश्राम महला में रहेगा। 21 सितंबर को मध्य विश्राम ग्राम उगरियावास में होगा और रात्रि विश्राम श्री भन्दे बालाजी धाम में किया जाएगा। इस पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु राम नाम जाप और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करते हुए भक्ति भाव से धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। आयोजन समिति की ओर से मार्ग में व्यवस्थाओं और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री भन्दे बालाजी धाम में 22 सितंबर को सुबह 7ण्15 बजे एकता एवं विकास यज्ञ तथा सुबह 8ङ्क15 बजे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित किया जाएगा। पदयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को सवा करोड़ राम नाम जाप से अभिमंत्रित श्रीराम रक्षा सूत्र भेंट किए जाएंगे।

## बाइक से मोबाइल छीनकर भागा एक आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** बगरू थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी हेमराज जाजोरिया 19 को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस अब वारदात में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। थानाधिकारी चन्द्रभान सिंह के अनुसार 19 अगस्त को सोनी हॉस्पिटल चौराहे के पास मोबाइल स्नैचिंग की वारदात हुई थी। बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

## महाशक्ति ओम कंवर झाड़ली वाली का 18 वा वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ग्राम झाड़ली में महाशक्ति ओम कंवर झाड़ली वाली का अठारहवां वार्षिकोत्सव के अवसर पर कलश यात्रा अगर सिंह जी कोटड़ी से शुरू हुई जो गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए महाशक्ति ओम कंवर शक्ति मंदिर में पहुंची कलश यात्रा में बड़ी संख्या में हजारोंमहिलाओं ने भाग लिया एवं धूमधाम से डीजे बैंड बाजों के साथ नाचते हुए उल्लास के साथ माता की कलश यात्रा निकाली व ड्रोन से भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई एवं जगह जगह जलपान ओर ठंडाई की भी व्यस्था की गई। नरपत सिंह झाड़ली ने बताया कि श्रीराम कथा वाचक लोकेंद्र दास जी ने प्रथम दिन संगीतमय कथा के दौरान कथा में श्री राम कथा श्रवण से होने वाले लाभ के बारे में भक्तजनों को समझाया। पूज्यश्री ने कहा की बिना ज्ञान के भक्ति की सार्थकता नहीं है भक्ति ही संसार का सार है। और यह जगत इसी से तार-तार बंधा हुआ है। पहले दिन पंड़ाल में कथा श्रवण को आये श्रोता भक्तजन, माताएं, बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कथा के पश्चात सभी भक्तों हेतु भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई।आज से रोजाना श्री राम कथा का वाचन दोपहर एक बजे से पांच बजे तक प्रारंभ होगा। इस दौरान विक्रम सिंह, अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष झब्बर सिंह, भंवर सिंह, श्रीपाल सिंह झुंझुनू, शिंभू सिंह झुंझुनू,संजय टेलर, शंकर कुमावत, नरेंद्र कुमावत, सुमित दीक्षित, रूप सिंह, उम्मेद सिंह, पूर्व एडिशनल एसपी सीबीआई देवी सिंह नरुका, बाल सिंह, मोती सिंह, महेंद्र सिंह, जितेंद्र सैन, किशोर सिंह, पूरण सिंह, हनुमान सिंह, आदि मौजूद थे।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले महासंघ पदाधिकारी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर चर्चा की। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और प्रदेश में नवीन भर्तियों के लिए उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री आवास से बुलावे पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। बैठक में 8-16-24-32 चयनित वेतनमान, संविदा एवं ठेका कर्मचारियों के लिए कंपनी गठन, मंत्रालयिक कर्मचारियों तथा वाहन चालक.तकनीकी कर्मचारी संवर्ग की वेतन विसंगतियों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा जनता जल कर्मचारियों को नियमित करने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों से जुड़े अन्य लंबित मुद्दों के समाधान की भी मांग की। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े इन मुद्दों के समाधान से प्रदेश के कर्मचारियों को राहत मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के महामंत्री मोहनलाल शर्मा, वाहन चालक तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अजयवीर सिंह, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह यादव और संयुक्त वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी शामिल रहे।

## जन्माष्टमी से एक दिन पहले बदली रहेगी दर्शन व्यवस्था

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों के चलते श्री गोविंद धाम ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी महाराज में 3 सितंबर, गुरुवार को विशेष दर्शन व्यवस्था लागू रहेगी। 4 सितंबर को होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव के मद्देनजर मंदिर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए 3 सितंबर को मंदिर छांव में श्रद्धालुओं का प्रवेश पूरी तरह निषेध रहेगा। जन्माष्टमी के लिए की जा रही बैरीकेडिंग व्यवस्था को अंतिम रूप देने के कारण यह व्यवस्था लागू की गई है। मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी के अनुसार 3 सितंबर को मंदिर छांव में प्रवेश नहीं होने के कारण जूते.चप्पल खोलने की व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं रहेगी। श्रद्धालुओं से अपने जूते-चप्पल सुरक्षित स्थान पर उतारकर मंदिर आने की अपील की गई है। जलेब चौक की ओर से आने वाले श्रद्धालु मंदिर के मुख्य द्वार गेट नंबर-1 से प्रवेश करेंगे। यहां से निर्धारित लाइन में आगे बढ़ते हुए मंदिर छांव के बाहर बनाए गए रैंप से दर्शन करेंगे। इसके बाद यू.टर्न लेकर गेट नंबर.2 से बाहर निकलेंगे। इसी तरह ब्रह्मपुरी और कंवर नगर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गेट नंबर-7 से प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालु निर्धारित लाइन से होते हुए मंदिर छांव के बाहर रैंप के नीचे से दर्शन करेंगे और यू-टर्न लेकर गेट नंबर-6 से बाहर निकलेंगे। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। श्रद्धालु कीमती सामान, बैग, कैमरा और नारियल आदि साथ नहीं लाएं। बीमार, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भीड़ से बचाने की सलाह दी गई है। श्रद्धालु अपने साथ पीने के पानी की बोतल ला सकते हैं। मंदिर परिसर में किसी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु के नजर आने पर तत्काल पुलिस या मंदिर प्रशासन को सूचना देने को कहा गया है।

## आधा दर्जन से अधिक प्रज्ञा संस्थानों पर होंगे श्रावणी उपाकर्म-हेमाद्रि संकल्प

**जयपुर (नवयत्न)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से सावन पूर्णिमा 28 अगस्त को श्रावणी उपाकर्म और रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शहर के आधा दर्जन से अधिक प्रज्ञा संस्थानों में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। मुख्य आयोजन गायत्री शक्तिपीठ, ब्रह्मपुरी में होगा। यहां श्रावणी उपाकर्म सुबह 7:30 बजे शुरू होगा। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा ने बताया कि श्रावणी पर्व के तहत दस विध स्नान के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री यज्ञ किया जाएगा। साधक आत्मशुद्धि के साथ धार्मिक अनुशासन, सद्विचार और आध्यात्मिक साधना को जीवन में अपनाने का संकल्प लेंगे। श्रावणी पर्व को ऋषि परंपरा, वेदाध्ययन और आत्मशुद्धि से जुड़ा माना जाता है। इस अवसर पर ऋषियों और वैदिक परंपराओं का स्मरण कर जीवन में श्रेष्ठ संस्कार अपनाने का संकल्प लिया जाएगा। गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा की ओर से रामेश्वरधाम कॉलोनी स्थित गौड़ विप्र समाज भवन में श्रावणी उपाकर्म-रक्षाबंधन पर्व का आयोजन होगा। कार्यक्रम सुबह 6 से 7 बजे तक चलेगा। इसमें हेमाद्रि संकल्प, सप्त ऋषि पूजन, वेद पूजन, दस विध स्नान, यज्ञोपवीत परिवर्तन और सामूहिक तर्पण किया जाएगा। दस विध स्नान में गौदुग्ध, गौघृत, गौमूत्र, गोबर, गौदधि, मिट्टी, भस्म, कुशा, हल्दी और शहद , प्रयोग किया जाएगा। इसके बाद सुबह 7 से 8 बजे तक गायत्री महायज्ञ, रक्षाबंधन और तरू रोपण का आयोजन होगा। श्रावणी उपाकर्म के कार्यक्रम किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदमाता भगवती वेदना निवारण केंद्र,गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ और गायत्री चेतना केंद्र जनता कॉलोनी में भी आयोजित होंगे। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की ओर से गलताजी, आमेर के सागर, मावठा और जयसिंहपुरा खोर में श्रावणी उपाकर्म, हेमाद्रि संकल्प और यज्ञोपवीत परिवर्तन के कार्यक्रम होंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने 100 किलो खराब मावा और गुलाब जामुन का पेस्ट कराया नष्ट

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को फुलेरा कस्बे में मिठाई प्रतिष्ठानों और कारखानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। इस दौरान करीब 100 किलो खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट कराई गई और विभिन्न खाद्य पदार्थों के 10 नमूने जांच के लिए लिए गए। सीएमएचओ द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि टीम ने मैसर्स राहुल मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया। यहां बाहर से मंगाए गए मावा से मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। निरीक्षण के दौरान मावा प्रथम दृष्टया घटिया और खट्टा पाया गया। टीम ने मावा का नमूना लिया और मौके पर ही मावा नष्ट करवा दिया। इसके अलावा मावा बर्फी का एक नमूना जांच के लिए लिया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई मैसर्स शर्मा मिष्ठान भंडार के पिपली का बास स्थित मिठाई कारखाने में की गई। यहां गुलाब जामुन तैयार करने के लिए मावा और मैदा का करीब 50 किलो पेस्ट तैयार कर कोल्ड स्टोर में रखा हुआ था। जांच के दौरान पेस्ट खराब पाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने इसका नमूना लेकर करीब 50 किलो पेस्ट मौके पर ही नष्ट करवा दिया। इसके अलावा मिल्क केक और दूध के नमूने भी लिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, राजेश नागर और ओमाशंकर शामिल रहे।

## अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में बचपन स्कूल का शानदार प्रदर्शन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट-2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में लाडनूं एवं आसपास के करीब 25 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला, एकल गायन, सामूहिक गायन, भाषण, निबंध लेखन एवं कविता जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बचपन स्कूल लाडनूं ने उत्कृष्ट सहभागिता के लिए बेस्ट स्कूल अवार्ड प्राप्त किया। विद्यालय को सबसे पहले पंजीकरण कराने, सर्वाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता तथा अत्यधिक रचनात्मक कार्य प्रस्तुत करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक भंसाली ने कविता प्रतियोगिता में प्रथम तथा अनम खान ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं कनिष्ठ वर्ग में महिमा स्वामी ने निबंध लेखन में द्वितीय, अंजलि माली ने कविता में तृतीय तथा आराध्या भारद्वाज ने चित्रकला में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य हर्षिता जैन ने कहा कि विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ एक साझा मंच पर प्रतिस्पर्धा करना बच्चों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा परखने, नई रचनात्मक चीजें सीखने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आगे बढ़ने का अवसर देती हैं।

# भारतीय संगीत को मिलेगा वैश्विक मंच

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय संगीत जगत के प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन म्यूजिक एकेडमी अवॉर्ड्स जीआईएमए वर्ष 2027 में नए अवतार और नई सोच के साथ वापसी करेगा। विजक्राफ्ट एंटरटेनमेंट एजेंसी ने मंगलवार को आयोजित ऑल अबाउट म्यूजिक के 10वें संस्करण में जीआईएमए की वापसी की घोषणा की। नए स्वरूप में जीआईएमए भारतीय संगीत की विविधता को सम्मान देने के साथ नई पीढ़ी के कलाकारों और वैश्विक दर्शकों को जोड़ने पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम में संगीत जगत के प्रमुख कलाकारों, रचनाकारों और विशेषज्ञों की मौजूदगी में जीआईएमए के नए अध्याय की शुरुआत हुई। ग्लोबल हिप-हॉप कलाकार राजा कुमारी और चर्चित राजस्थानी लोक गायक-संगीतकार मामे खान ने जीआईएमए ट्रॉफी थामकर इसकी वापसी का प्रतीकात्मक अनावरण किया। इस अवसर पर जीआईएमए के संस्थापक सब्बास जोसेफ, आंद्रे टिमिन्स और विराफ सरकार भी मौजूद रहे। जीआईएमए के सह-संस्थापक सब्बास जोसेफने कहा कि जीआईएमए की स्थापना भारतीय संगीत को अपनी पहचान और समर्पित मंच देने के उद्देश्य से की गई थी। पिछले एक दशक में संगीत के निर्माण, खोज, प्रसार और उपभोग के तौर-तरीकों में व्यापक बदलाव आया है। आज क्षेत्रीय संगीत वैश्विक स्तर पर पहुंच रहा है, वहीं स्वतंत्र कलाकार सीमाओं से परे अपना दर्शक वर्ग तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते संगीत परिदृश्य के अनुरूप ऐसे मंच की जरूरत है, जो प्रतिभाओं को सामने लाने, उन्हें जोड़ने और उत्कृष्ट संगीत को सम्मानित करने का अवसर दे। 2027 में जीआईएमए की वापसी भारतीय संगीत की विरासत के साथ उसके भविष्य को भी सामने रखेगी। राजस्थानी लोक गायक एवं संगीतकार मामे खान ने कहा कि जीआईएमए हमेशा उनके लिए ऐसा विशेष मंच रहा है, जहां भारतीय संगीत की विभिन्न आवाजें एक साथ आकर सम्मानित होती हैं। भारत का संगीत किसी एक शैली या भाषा तक सीमित नहीं है। लोक परंपराओं और क्षेत्रीय धुनों से लेकर समकालीन और स्वतंत्र संगीत तक हर आवाज की अपनी कहानी है। उन्होंने जीआईएमए के नए अध्याय का हिस्सा बनने को सम्मान की बात बताते हुए कहा कि भारतीय संगीत को देश के साथ वैश्विक मंच पर भी पहचान मिलनी चाहिए। ग्रैमी-नामांकित भारतीय-अमेरिकी रैपर, गायिका और गीतकार राजा कुमारी ने कहा कि संगीत की कोई सीमा नहीं होती और भारत की पहचान कभी सिर्फएक तरह के संगीत से नहीं रही। जीआईएमए का नया स्वरूप पारंपरिक संगीत के साथ नई आवाजों, शैलियों और रचनाकारों को एक साथ लाने का अवसर देगा। यह पहल भारतीय संगीत की विरासत का उत्सव मनाने के साथ उसके भविष्य की दिशा को भी सामने लाएगी। जीआईएमए की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत के विविध संगीत परिदृश्य में उत्कृष्टता को पहचानने और सम्मानित करने के उद्देश्य से हुई थी। इसके मंच पर फिल्म, गैर-फिल्म और पारंपरिक संगीत को एक साथ स्थान दिया गया। छह संस्करणों के बाद अब जीआईएमए बदलते भारतीय संगीत इकोसिस्टम को ध्यान में रखते हुए नए विजन के साथ लौट रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्वतंत्र कलाकारों, क्षेत्रीय संगीत और नई संगीत शैलियों के बढ़ते प्रभाव ने संगीत की खोज और दर्शकों तक पहुंचने के तौर-तरीकों को बदल दिया है। जीआईएमए का नया अवतार इसी बदलाव को प्रतिबिंबित करते हुए भारतीय संगीत की विविधता, प्रतिभा और रचनात्मकता को नई पीढ़ी के सामने लाने के साथ उसे वैश्विक मंच से जोड़ने का प्रयास करेगा।

## अपहरण और 25 लाख की फिरौती मांगने वाले गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने अपहरण और फिरौती की वारदात का खुलासा करते हुए अपहृत युवक को सकुशल दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। खोह नागोरियान थानाधिकारी सुनील गोदारा के अनुसार 24 अगस्त को मुनेश कुमार मीणा ने खोह नागोरियान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि उसका भतीजा पंकज कुमार मीणा 23 अगस्त की सुबह करीब 3 बजे अपने दोस्त योगेश शर्मा के साथ खातीपुरा आया था। इसी दौरान एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी ने पंकज की मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाश पंकज को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। इस वारदात के बाद व्हाट्सएप कॉल के जरिए पंकज को छोड़ने के एवज में 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी व पारंपरिक पुलिसिंग के साथ सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की।

## एमआरपी से पांच रुपए अधिक वसूलना पड़ा भारी, 10 हजार का जुर्माना वसूला

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** उपभोक्ता मामले एंव खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार एमआरपी से अधिक मूल्य पर वस्तुएं बेचे जाने के संबंध में विधिक माप विज्ञान व डिब्बा बंद वस्तुएं 2011 के अंतर्गत लाडनं बस स्टेंड क्षेत्र में मंगलवार को कार्रवाई करते हुए टीम ने दो दुकानदारों के खिलाफ 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। टीम ने कई प्रतिष्ठानों के निरीक्षण किए और लाडनूं बस स्टेंड स्थित श्री श्याम डेयरी एवं ज्यूस सेंटर तथा श्री लादू बाबा भाग्य श्री ज्यूय सेंटर द्वारा कोल्ड ड्रिंक 750 एमएल की एमआरपी रेट 35 को पांच रुपए अधिक 40 रुपए में बिक्री किए जाने पर दोनों दुकानों पर पाँच-पाँच हजार कुल 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### नाम परिवर्तन

मैं शाहरुख खोकर पुत्र फारूख निवासी इदगाह कॉलोनी मण्ड्रेला तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं राज.। मैंने मेरा नाम शाहरुख से बदलकर शाहरुख खोकर रख लिया है भविष्य में मुझे शाहरुख खोकर के नाम से जाना व पहचाना जावे व मेरे पासपोर्ट नं एन3398506 में भी दुरुस्त करे।

# भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

## मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर चिड़ावा में भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन राजस्थान सरकार के स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मंत्री खर्रा ने कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों से चुनाव को लेकर सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी, राजस्थान ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा नेता राजेश दहिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सुरेश भूकर सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मंचस्थ रहे। चुनाव प्रभारी होशियार सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यालय उद्घाटन के साथ ही पार्टी की ओर से निकाय चुनाव को लेकर आगामी रणनीति और जनसंपर्क अभियान को गति देने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का आह्वान किया।

## मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 42वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन आज बुधवार को माहेश्वरी भवन में होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि स्व. परमात्मा देवी-बाबूलाल रामगढ़िया की स्मृति में उनके परिवार द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा।

## तेरापंथी सभा का पारिवारिक सौहार्द कार्यक्रम आयोजित

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा (नवयत्न)।** जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, नोखा की ओर से पारिवारिक सौहार्द कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम, सम्मान, संवाद, सामंजस्य और अपनत्व बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रवचन, प्रेरक प्रसंग और भावपूर्ण गीत के माध्यम से पारिवारिक रिश्तों को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता उपासक राजेंद्र सेठिया ने परिवार के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार केवल साथ रहने वाले लोगों का समूह नहीं, बल्कि प्रेम, संस्कार और परस्पर सम्मान से जुड़ा भावनात्मक संसार है। उन्होंने परिवार शब्द की सार्थक व्याख्या करते हुए बताया कि प का अर्थ परवरिश और देखभाल, रि का अर्थ घर की रीति-नीति, मर्यादा और अनुशासन, वा का अर्थ वात्सल्य भाव तथा र का अर्थ रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि जिस घर में मधुर भाषा का प्रयोग होता है और परिवार के सदस्य एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, वहां प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण बना रहता है। उन्होंने परिवार में सॉरी, थैंक यू और प्लीज जैसे शब्दों के सहज इस्तेमाल को रिश्तों में मिठास बनाए रखने का प्रभावी माध्यम बताया।

### संवाद और समय से मजबूत होते हैं पारिवारिक रिश्ते

उपासक सेठिया ने कहा कि परिवार के सदस्यों को आपस में बैठकर बातचीत करनी चाहिए, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना चाहिए और रिश्तों के लिए समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपसी संवाद और संवेदनशीलता से परिवार में विश्वास बढ़ता है तथा रिश्तों में मजबूती आती है।

### शूरादेव के जीवन से मिली धर्म में अडिग रहने की प्रेरणा

प्रवचन के दौरान भगवान महावीर के चौथे श्रावक शूरादेव के श्रमणोपासक जीवन का भी वर्णन किया गया। उपासक सेठिया ने बताया कि अनेक बाधाओं और परिस्थितियों के बावजूद शूरादेव धर्म के प्रति अडिग रहे और उनकी श्रद्धा एवं आस्था में कोई विचलन नहीं आया। उनके जीवन से विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म, सिद्धांत और आस्था पर दृढ़ रहने की प्रेरणा मिलती है। सहयोगी उपासक धीरेन्द्र बोथरा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि आत्मा को निर्मल, पावन और पवित्र बनाने के लिए अपनी गलतियों का प्रायश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने परिवार में सहनशीलता और कटुता से बचने पर जोर देते हुए कहा कि भक्ति और धार्मिक भावनाओं को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें व्यवहार और जीवन में उतारना चाहिए।

### भावपूर्ण गीत ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक सौहार्द और आपसी प्रेम की भावना को व्यक्त करने वाला मार्मिक गीत भी प्रस्तुत किया गया। गीत ने कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। करीब दो घंटे तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण तरीके से सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य संदेश यही रहा कि परिवार में प्रेम, संवाद, सम्मान, सहनशीलता और संस्कार बने रहें तो रिश्ते मजबूत होते हैं और परिवार सुख-शांति का आधार बनता है।

## अतिरिक्त निदेशक ने किया डिजिटल एप्प से उर्वरक वितरण का शुभारंभ

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कृषि आयुक्त राजस्थान के निर्देशानुसार चूरू जिले में अनुदानित उर्वरक क्रय-विक्रय हेतु नवीनतम डिजिटल प्रणाली (फ्रेम वर्क फोर फर्टीलाईजर सेल्स) अर्थात् एफएफएस मोबाइल ऐप्प के माध्यम से उर्वरक वितरण किये जाने हेतु पायलेट प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार), बीकानेर खण्ड हीरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उप जिले सुजानगढ़ की ग्राम सेवा सहाकरी समिति लि. दाऊदसर में नवीनतम डिजिटल प्रणाली एफएफएस से उर्वरक की क्रय-विक्रय का शुभारम्भ किया गया। कृषि विभाग चूरू से सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) डॉ राजेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुजानगढ़ गोविन्द सिंह राठौड़ कृषि अधिकारी (सामान्य) विपिन भादू, कृषि अधिकारी (फसल) नगेन्द्र नायक एवं अन्य क्षेत्रीय कार्मिक व समिति व्यवस्थापक, उर्वरक विक्रेता आदि मौजूद रहे। साथ ही पूरे उप जिले भर के समस्त उर्वरक विक्रेताओं के यहां कृषि विभाग के कार्मिक स्वंय उपस्थित रहकर उर्वरक मांग वाले कृषकों का ऑनलाइन बुकिंग करवाया तथा संबंधित उर्वरक विकेताओं से उर्वरक वितरण करवाया। इस दिवस को समस्त उपजिले में बुकिंग किसानों की संख्या 80 और उर्वरक वितरण किसानों की संख्या 45 रहीं। क्षेत्र के किसानों ने कहा कि इस नवीनतम डिजिटल प्रणाली एफएफएस द्वारा बहुत ही सुगम और सरल तरीके से अपना उर्वरक बुक कर सकते हैं, साथ ही उपलब्ध उर्वरक स्टॉक की जानकारी घर बैठे पता करके नजदीकी उर्वरक विक्रेता से अपने उर्वरक को बुकिंग करवाकर स्वंय या अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

## अमेरिका में आयोजित भगवद्गीता परीक्षा में तारानगर के बच्चों ने गाड़े झंडे

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अपनी माटी की प्रतिभाएं अब सात समंदर पार भी परचम लहरा रही हैं। अमेरिका में आयोजित एक प्रतिष्ठित भगवद्गीता परीक्षा में तारानगर तहसील के छोटे से गांव बांय के दो प्रतिभावान बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है। बच्चों की इस ऐतिहासिक सफलता से प्रवासी भारतीयों के साथ-साथ उनके पैतृक क्षेत्र में भी उत्सव का माहौल है। ?अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना राज्य के कैरी शहर में 22 अगस्त को हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका एवं हिंदू सोसाइटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना के संयुक्त तत्वावधान में भव्य भगवद्गीता परीक्षा का आयोजन किया गया था। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चली इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अमेरिका की धरती पर नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति, श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान और इसके शाश्वत जीवन मूल्यों से जोड़ना था। प्रतियोगिता में अमेरिका के विभिन्न राज्यों से

आए बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। ?यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों-4 से 9 वर्ष, 10 से 15 वर्ष तथा 16 से 21 वर्ष में संपन्न हुई, जिसमें बाय गांव के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग में 10 वर्षीय रेयांश मित्तल ने प्रथम स्थान हासिल कर शानदार सफलता अर्जित की। उनकी इस बौद्धिक उपलब्धि पर उन्हें प्रशस्ति पत्र, आकर्षक ट्रॉफी और 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं 4 से 9 वर्ष आयु वर्ग में 4 वर्षीय मिशा मित्तल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सबसे खास बात यह रही कि मिशा इस पूरी महापरीक्षा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों में सबसे कम उम्र की प्रतिभागी थीं। इतनी नन्हीं सी आयु में भगवद्गीता के श्लोकों और इसके गूढ़ ज्ञान के प्रति उनकी गहरी रुचि ने वहां मौजूद सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ?प्रतिभाशाली रेयांश और मिशा मित्तल बांय,तारानगर के मूल निवासी हैं। उनके पिता अभिषेक मित्तल, माता ममता रानी तथा दादा देवकी नंदन मित्तल इस शानदार सफलता से बेहद गौरवान्वित हैं। बच्चों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर न केवल उनके परिवार और रिश्तेदारों, बल्कि पूरे चूरू जिले और तारानगर क्षेत्र में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्रवासियों ने इसे हमारी संस्कृति की वैश्विक जीत बताते हुए दोनों बच्चों के उज्ज्वल और स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामनाएं की हैं।

## मारपीट के प्रकरण में चार गिरफ्तार

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** तहसील के ग्राम कादिया में 15 अगस्त को जागरण के दौरान व्यवस्थापक से मारपीट कर उससे एक लाख 40 हजार रुपए छीन लेने के दर्ज मुकदमे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम कादिया निवासी संदीप जाट, अमित जाट, भंवरलाल जाट एवं ध्रुवसिंह राणा को मारपीट कर रुपए छीनने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामले के अनुसार 15 अगस्त की रात गांव कादिया के शक्ति माता मंदिर में जागरण लगा था, जिसके लिए गांव के 33 वर्षीय वीरेंद्रसिंह राजपूत को व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। देर रात गांव के ही अमित जाट, संदीप जाट, बबलू जाट व ध्रुव राणा बोलेरो में सवार होकर आए तथा मंदिर परिसर से उसे खींचकर बाहर ले गए तथा उसके साथ लाठी-सरियों से मारपीट की। जब शोर मचाया, तो गांव के कुछ लोग आए तथा उसे छुड़ाया। जाते समय इन लोगों ने मंदिर के लिए एकत्रित चंदे की राशि एक लाख 40 हजार रुपए भी ले गए। 16 अगस्त को पुन: इन लोगों ने उसे व प्रत्यक्षदर्शियों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकियां दी थी, जिस पर एएसआई श्यामसिंह ने उक्त चारों को गिरफ्तार किया है।

## ताइक्वांडो में बीबीआईएस के 9 खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल्स

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** मेगाहाईवे स्थित बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल के 9 खिलाड़ियों ने अलवर में आयोजित ऑपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन डीपीएस पब्लिक स्कूल अलवर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से भाग लेने वाले सभी 9 प्रतिभागियों ने पदक जीतकर एक अनूठी उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्या चांद किरण शेखावत ने बताया कि छात्र आशुतोष शुक्ला, अंशु बुनस, दिव्यांशी बुरड़क ने स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। जबकि अरुण लूणा, रोहित गोदारा ने रजत पदक जीते हैं। इसी प्रकार सरफराज सूरज डांगे, मिताली गोदारा, माही तंवर, वंश प्रताप सिंह जोधा ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रधानाचार्या चांदकिरण शेखावत ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों एवं उनके कोच आर जी मिश्रा एवं मनीषा को हार्दिक बधाई दी है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के सदस्य स्कूल चेयरमैन एल आर खिलैरी, बुधाराम खिलैरी, मुकेश खिलैरी एवं स्कूल डायरेक्टर प्रेम नेहरा उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर अभिनंन किया। विद्यालय निदेशक प्रेम नेहरा ने प्रबंधन की ओर से सभी पदक विजेता विद्यार्थियों एवं कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों, कोच एवं अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## हेलमेट बाटकर की यातायात नियमों का पालन करने की अपील

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर के उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला की प्रेरणा से कस्बे के सेवानिवृत्त अध्यापक देवरतन चारण के सौजन्य से थानाधिकारी सीआई पुष्पेंद्र सिंह चारण ने साहवा सर्किल पर दुपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए। सीआई पुष्पेन्द्र सिंह ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए और यातायात नियमों की पालना करने की अपील की एवं कहा कि दुर्घटना से बचने के लिए दुपहिया वाहन पर सफर करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। यह आपकी सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क हादसों में सिर में चोट लगने से मौत होती है, जिसे हेलमेट पहनकर रोका जा सकता है। सीआई पुष्पेन्द्रसिंह ने बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर अब कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाएगा। इस मौके पर एएसआई राजूसिंह, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, भैरूसिंह, कांस्टेबल राजू नायक, चालक अजीत सिंह, राकेश, रणवीर सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी टाउनशीप स्थित महिला समाज में मंगलवार देर शाम को महिला समाज द्वारा तीज महोत्सव धुमधाम से मनाया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला समाज अध्यक्ष लीला बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपा गुहा, कमलेश, इंद्रा मौजूद थी। लीला बोहरा ने विधिवत रूप से तीज महोत्सव का शुभारंभ किया। समिति अध्यक्ष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महोत्सव में महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिला समाज अध्यक्ष लीला बोहरा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तीज जैसे पारंपरिक त्योहारों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं, लोक संस्कृति और रीति-रिवाजों से जोड़ते हैं। उन्होंने जोर दिया कि पारंपरिक त्योहारों को मनाने से हमारी संस्कृति जीवित रहती है और संस्कारों को बढ़ावा मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिनमें राजस्थान की लोक संस्कृति और तीज पर्व की परंपराओं की झलक दिखाई दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मोनिका कटेवा, ममता राजपुरोहित, सुलक्षणा शर्मा, मलिका, मीरा गुप्ता, दीपिका कराना आदि मौजूद थी।

## यशवी ने जयपुर में जीता राष्ट्रीय स्तर पर योग में पदक

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** बागर स्थित सेंट विवेकानंद विद्यालय की छात्रा यशवी ने एसएमएस स्टेडियम जयपुर में आयोजित दसवीं जयपुर लीग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। संस्था प्रबंध निदेशक प्रणय गुप्ता ने बताया कि जयपुर योग लीग का आयोजन 22 एवं 23 अगस्त को जयपुर स्थित एसएमएस इंडोर स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में झुंझुनूं जिले के चिड़ावा स्थित सेंट विवेकानंद पब्लिक सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा यशवी ने योगा बिगिनर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं नितिशा, गौरी, गोरिका, अन्वी एवं अमृता शर्मा ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विद्यालय के लिए यह उपलब्धि उस समय और भी गौरवपूर्ण हो गई, जब विद्यालय के योगाचार्य आशीष गिरधर ने एडवांस स्तर की श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी मोहित जांगिड़ ने भी अपनी आयु वर्ग की एडवांस श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने बताया की विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए योगा क्लासेस नि:शुल्क आयोजित करवाई जाती है और यह विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत व प्रयास का ही परिणाम है। संस्था निदेशक अनिल गुप्ता ने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा योगाचार्य आशीष गिरधर को बधाई दी।

## किसान गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को दी तकनीकी जानकारी

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** अडूका रेलवे फाटक स्थित रतेरवाल सीड्स के गोदाम के पास किसान जागरूकता अभियान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को खेती में आ रही नई तकनीकों, कृषि विभाग की योजनाओं, आधुनिक कृषि पद्धतियों, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, फसल सुरक्षा तथा पशुपालन से जुड़ी उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, बैंकिंग क्षेत्र, उर्वरक कंपनियों एवं कृषि विशेषज्ञों से जुड़े वक्ताओं ने किसानों के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया। गोष्ठी में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ मोहन लाल दादरवाल, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र लाम्बा, एक्सिस बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र प्रताप सिंह, इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक शंकरलाल गठाला, कोरोमंडल के जनरल मैनेजर भवानी सिंह राठौड़, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ सहदेव सिंह एवं अजूनी बायोटेक के राज्य प्रबंधक रामदयाल मुंडेल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान किसानों ने कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर वक्ताओं की जानकारी सुनी। किसानों को खेती में नई तकनीकों को अपनाने, कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी रखने, फार्मर आईडी बनवाने, मिश्रित खेती एवं कृषि उत्पाद प्रसंस्करण पर ध्यान देने तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही पशुपालन एवं बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ी जानकारी भी किसानों को दी गई। कार्यक्रम के अंत में रतेरवाल सीड्स के संचालक कृष्ण कुमार शर्मा की ओर से गोष्ठी में मौजूद सभी किसानों को जीबी एग्रो द्वारा उत्पादित ह्यूमिक एसिड के पैकेट भेंट किए गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190